आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

यश भारत

● वर्ष- 15 अंक 129- ● जबलपुर ● गुरुवार, 10 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

कोरोना संक्रमित ससुर को पीठ पर लेकर 2 किलोमीटर चली बहू

गुवाहाटी। लोग बेटा-बेटियों के बीच आज भी फर्क समझते हैं कि बुढ़ापे में बेटा उनका सहारा बनेगा, लेकिन असम की एक तस्वीर ने इस सोच को बदल दी है। असम के नगांव की एक बहू कोरोना संक्रमित ससुर को पीठ पर उठाकर अस्पताल पहुंची हैं। लोग कह रहे हैं बहू हो तो निहारिका जैसी.. असम के नगांव की रहने वाली निहारिका दास समाज के लिए मिसाल पेश की। बेटे का फर्ज निभाकर वह आदर्श बहू बन गई हैं। सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि बहू हो तो निहारिका दास जैसी, जिसने अपने कोरोना पॉजिटिव ससुर को पीठ पर उठाकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाई है। वह भी दो किलोमीटर पैदल चलकर। इस दौरान लोग फोटो खींचते रहे, लेकिन मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। गुवाहाटी निहारिका दास की फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें वे अपने कोरोना पॉजिटिव ससुर को पीठ पर उठाए दिख रही हैं। निहारिका ससुर को पीठ पर उठाकर करीब 2 किमी चलीं।

कोरोना कम, पर मौत के आंकड़ों से दहशत

24 घंटे में 6148 मरीजों ने गंवाई जान

नई दिल्ली। देश में कोरोना की दूसरी लहर की रफ्तार भले ही धीमी हो रही हो लेकिन बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस से हुई मौत के आंकड़े ने सभी को चौंका कर रख दिया है। लगातार तीसरे दिन कोरोना के दैनिक संक्रमित मामले तो एक लाख से कम आए हैं लेकिन बीते 24 घंटे में कोरोना से होने वाली मौत का आंकड़ा 6148 पर पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना के 94,052 नए मामले आने के बाद कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 2,91,83,121 हुई और एक दिन में 6,148 नई मौतों के बाद कुल मौतों की संख्या 3,59,676 हो गई है। 1,51,367 नए डिस्चार्ज के बाद कुल डिस्चार्ज की संख्या 2,76,55,493 हुई। देश में सक्रिय मामलों की कुल संख्या 11,67,952 है। बता दें कि कोरोना की दोनों लहरों में अबतक दैनिक मौत का आंकड़ा इतनी बड़ी संख्या में रिकॉर्ड नहीं किया गया है। बीते 24 घंटे में कोरोना से होने वाली मौतों ने अबतक के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर

ध्वस्त हुए अब तक के सारे रिकॉर्ड

दिए हैं। एक ही दिन में कोरोना से 6148 मरीजों ने जान गंवाई है। हालांकि एक दिन में मौत का आंकड़ा इसलिए बढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि इसमें बिहार ने अपने आंकड़े रिवाइज करके जोड़े हैं।

बिहार में कोरोना से होने वाली मौतों के आंकड़ों में हेरा-फेरी

बिहार की नीतीश सरकार माना है कि कोरोना से हुई मौतों के आंकड़ों में भारी गड़बड़ी हुई है। बिहार के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बुधवार को बताया कि अब तक मौतों का जो आंकड़ा 5424 बताया गया था, वो गलत है जबकि असली आंकड़ा 9375 (7 जून तक) है। अगर बिहार के मौत के आंकड़ों को दैनिक मौत के आंकड़ों में से हटा दिया जाए, तो राष्ट्रीय स्तर पर बीते 24 घंटे में 2248 मरीजों की मौत हुई है। सरकारी जांच में पता चला कि जिलों से मृतकों की, जो संख्या भेजी जा रही थी, उसमें बड़े पैमाने पर हेरा-फेरी की गई।

साल का पहला सूर्यग्रहण शुरू हो गया। भारत के संदर्भ में यह इतना प्रभावशाली नहीं होगा। यहां ग्रहण का सूतक काल भी मान्य नहीं है। लेकिन आकाश में अद्भुत नजारा देखने को मिल सकता है।

फटाफट खबरें

राहुल बोले-वैक्सीन के लिए सिर्फ ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन काफी नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को सलाह दी है कि वैक्सीन के लिए सिर्फ ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन काफी नहीं है। वैक्सीन सेंटर पर वॉल्क-इन करने वाले हर व्यक्ति को टीका मिलना चाहिए। जीवन का अधिकार उनका भी है जिनके पास इंटरनेट नहीं है।

रामदेव बोले-जल्द लगवाएंगे वैक्सीन

हरिद्वार। बाबा रामदेव भी कोरोना वायरस की वैक्सीन लगवाएंगे। बाबा रामदेव ने सभी से टीका लगवाने की अपील की और कहा कि वह भी जल्द ही वैक्सीन लगवाएंगे। रामदेव ने लोगों से कहा कि योग कोरोना से होने वाली जटिलताओं से बचाता है। योग और आयुर्वेद का अभ्यास करें। बता दें कि बाबा ने कहा था कि दवा ही नहीं, टेस्ट और ऑपरेशन माफिया भी हैं, जो मरीजों को लूट रहे हैं।

गुस्से में सौतेली मां ने बेटे का प्राइवेट पार्ट जला दिया?

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक से मां के प्रेम पर सवाल खड़े करने वाला और मन को झकझोरने वाला एक मामला सामने आया है। नासिक में एक सौतेली मां ने अपने दस साल के सौतेले बेटे का प्राइवेट पार्ट जला दिया। बता दें कि ये बच्चा दिव्यांग है और बच्चे की गलती बस इतनी थी कि उसने खेल-खेल में अपने छोटे सौतेले भाई बिस्तर से नीचे गिरा दिया था। यह मामला नासिक के डिंडोरी तालुका के एक गांव का है। हालांकि आरोपी महिला को उसके पति की शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

3 संभाग के 13 जिलों में बारिश की संभावना

भोपाल। मध्य प्रदेश के 3 संभागों और 13 जिलों में मानसून से पहले बारिश की चेतावनी जारी की है। नागरिकों से अपील की गई है कि वह सावधान रहें पूर्वानुमान के अनुसार अपनी तैयारी करें। पिछले 24 घंटों में छिंदवाड़ा, भोपाल, जबलपुर, मंडला, नौगांव, कटनी टीकमगढ़ और शाजापुर में बारिश हो चुकी है।

महिला ने पांच बेटियों संग ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

महासमुंद। छत्तीसगढ़ से बेहद एक दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां पति से झगड़ा होने के बाद एक महिला ने अपनी पांच बेटियों संग चलती ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। महासमुंद जिले में एक महिला और उसकी पांच बेटियों के शव गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक पर मिले। पुलिस ने बताया कि सबसे बड़ी बेटी की उम्र 17 साल जबकि सबसे छोटी बेटी की उम्र 10 साल थी।महासमुंद जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेंभुरकर ने गुरुवार को यहां बताया कि जिले के महासमुंद और बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग के मध्य बीती रात 45 वर्षीय उमा साहू और उनकी बेटियों अन्नपूर्णा, यशोदा, भूमिका, कुमकुम और तुलसी ने रेलगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।टेंभुरकर ने बताया कि पुलिस को गुरुवार सुबह जब घटना की जानकारी मिली, तब घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना किया गया तथा शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। साहू परिवार जिले के बेमचा गांव का निवासी है। रात में महिला का पति के साथ विवाद हुआ और वह बच्चों के साथ वहां से निकल गई थी।

5 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए मास्क जरूरी नहीं

कोरोना संक्रमित बच्चों के इलाज के लिए गाइडलाइन जारी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने कोरोना संक्रमित बच्चों के इलाज के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक विभाग ने यह गाइडलाइन जारी की है। इसमें कहीं भी रेमडेसिविर इंजेक्शन का इस्तेमाल करने की सलाह नहीं दी गई है। इसके साथ ही विभाग ने सीटी स्कैन इमेजिंग का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करने की सलाह दी है। गाइडलाइन में यह भी कहा गया है कि जिन मरीजों में लक्षण नहीं हैं या हल्के फुल्के लक्षण हैं उन मरीजों में स्टेरॉइड का इस्तेमाल हानिकारक है। विभाग ने साफ कहा है कि कोरोना के पूरे लक्षणों वाले मरीजों और अत्यंत गंभीर मरीजों को ही स्टोरॉइड दिए जाने चाहिए और इस दौरान मरीज की पूरे देखरेख की जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने साफ कहा है कि स्टेरॉइड का इस्तेमाल सही समय पर सही मात्रा में सभी समयकाल के लिए होना चाहिए। मरीजों को किसी भी हालत में खुद से स्टेरॉइड नहीं लेना चाहिए।

बच्चों के लिए रेमडेसिविर की जरूरत नहीं

गाइडलाइन में यह भी साफ लिखा गया है कि रेमडेशिविर के इस्तेमाल की अनुमति महामारी से बने हालातों के बीच दी गई है। लेकिन बच्चों में इसके इस्तेमाल की जरूरत नहीं है। 18 साल से कम उम्र के बच्चों में रेमडेसिविर के इस्तेमाल को लेकर सुरक्षा और उपयोगिता से जुड़ा पर्याप्त डेटा मौजूद नहीं है।

सोच समझकर करें सीटी स्कैन

कोरोना मरीजों के फेंफड़े में संक्रमण की स्थिति का सटीक अनुमान लगाने के लिए सीटी स्कैन का उपयोग होता है। सरकार ने सोच समझकर इसका उपयोग करने की सलाह दी है। गाइडलाइन में कहा गया है कि ष्टञ्ज स्कैन से कई बार छाती के बारे में अतिरिक्त जानकारी भी मिलती है। इससे डॉक्टर के ट्रीटमेंट के तरीके में बदलाव आता है। इसी वजह से जरूरत पड़ने पर ही सीटी स्कैन का विवेकपूर्ण उपयोग होना चाहिए। कोरोना एक वायरल इन्फेक्शन है और एंटीमाइक्रोबियल्स का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।यह मतलब नहीं है कि हमारा रिश्ता खत्म हो गया है।

मुंबई में भारी बारिश से मलाड में ढही चार मंजिला इमारत, 11 की मौत

मुंबई। भारी बारिश ने एक बार फिर कहर बरपाया है। मुंबई के मलाड वेस्ट इलाके में बीती रात करीब 11 बजे चार मंजिला रिहायशी इमारत ढह गई, जिसमें दबकर 11 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। इसके अलावा कई लोग मलबे के नीचे दब गए, जिन्हें बाहर निकालने का काम जारी है। इस घटना के लिए इमारत के मालिक और ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि मलवनी इलाके में अब्दुल हमीद रोड के न्यू क्लेक्टर कम्पाउंड में बुधवार रात करीब सवा 11 बजे यह हादसा हुआ। दमकल विभाग और अन्य एजेंसियों के कर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव एवं तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि हादसे में आठ बच्चों और तीन व्यस्क लोगों की मौत हो गई है।

आज अनलॉक के साथ दो माह बाद भोपाल का बाजार होगा गुलजार

भोपाल। दो महीन बाद भोपाल के बाजार पूरी तरह से खुलने जा रहे हैं। हालांकि सिनेमा हॉल, स्विमिंग पूल, जिम और स्पा अभी नहीं खुलेंगे। रैली, प्रदर्शन और सामाजिक कार्यक्रमों पर भी प्रतिबंध रहेगा। दुकानें खोलने के साथ ही सरकार ने यह शर्त भी रखी है कि सिर्फ वही दुकानें खुल सकेंगी, जिनमें सभी कर्मचारियों को कोरोना का टीका लग चुका है। टीका लगाने के लिए बुधवार को बाजार खोले गए थे, लेकिन ग्राहकी की अनुमति नहीं थी। पूरा बाजार खुलने के बाद कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर चिकित्सा शिक्षा व भोपाल के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने कलेक्टर अविनाश लवानिया के साथ टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया। बाजार वाले क्षेत्रों में दुकानों पर स्टीकर चिपकवाए। उन्होंने कहा कि टीका लगवाओ, दुकान खुलवाओ नारे के साथ दुकान संचालक समेत सभी कर्मचारियों का टीकाकरण जरूरी है। लंबे समय बाद सैलून भी खुलने जा रहे हैं। इसमें शर्त यह रहेगी कि शारीरिक दूरी रखने के लिए बीच की कुर्सी खाली रखी जाएगी।

म्यांमार सेना का विमान हुआ क्रैश, 12 लोगों की मौत

नई दिल्ली। म्यांमार में सेना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में12 लोगों की मौत की खबर है। बताया जा रहा है कि विमान में 16 लोग सवार थे, लेकिन अभी 4 लोगों के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मृतकों में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी शामिल थे। ये विमान हादसा मांडले में हुआ। राहत और बचाव कार्यों के लिए दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी है। सुरक्षाबल भी बड़ी संख्या में वहां पर मौजूद हैं।

सीधे वीडी के घर पहुंचे सिंधिया, निकल पड़ी चर्चा

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता एवं राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया भोपाल में आते ही सीधे प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा के घर पहुंचे। इसी के साथ टीवी चैनलों पर ब्रेकिंग न्यूज़ और सोशल मीडिया पर डिस्कशन शुरू हो गया। लोग इस मुलाकात के अपने अपने मायने निकाल रहे हैं। इधर सिंधिया और शर्मा दोनों ने इसे व्यक्तिगत मुलाकात बताया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया भोपाल में एयरपोर्ट से सीधे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा के घर गए। यहां दोनों नेताओं के बीच क्लोज डोर मीटिंग हुई। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दोपहर का भोजन भी श्री विष्णु दत्त शर्मा के यहां किया। यहां से निकलने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया सीधे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने निकल गए।

श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह एक सामान्य मुलाकात है। इसे राजनीति के चश्मे से नहीं देखना चाहिए। मैं और वीडी शर्मा एक ही पृष्ठभूमि से हैं। हमारे निजी संबंध हैं। मेल मुलाकात से आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं।

जब नेताओं का मिलाप होता है, तो कई बातों पर चर्चाएं होती हैं - वीडी शर्मा

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि हर मुलाकात को डिप्लोमैसी नहीं बताना चाहिए। यह रूटीन मुलाकात है। निगम मंडल और तमाम विषयों पर चर्चा वीडी शर्मा ने कहा कि जाहिर सी बात है, जब नेताओं का मिलाप होता है, तो कई बातों पर चर्चाएं होती हैं। बीजेपी में निर्णय सामूहिक होते हैं।

मेहुल को बड़ा झटका: डोमिनिका की सरकार ने घोषित किया अवैध अप्रवासी

रोसो। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले का आरोपी और भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी को एक और बड़ा झटका लगा है। डोमिनिका की सरकार ने मेहुल चोकसी को अवैध अप्रवासी घोषित किया है। डोमिनिका के राष्ट्रीय सुरक्षा और गृह मामलों के मंत्री रेबर्न ब्लैकमूर ने पुलिस प्रमुख को आदेश जारी किया है कि चोकसी को देश से बाहर करने के लिए कानून के मुताबिक जल्द से जल्द कदम उठाए जाएं।जानकारी के मुताबिक, डोमिनिका प्रशासन ने इस आदेश को अदालत के सामने रखा। साथ ही अपील की कि मेहुल चोकसी की याचिकाएं खारिज कर उसे भारत भेज दिया जाए। सरकार का ये आदेश मेहुल चोकसी के लिए झटका है और साथ ही अगवा करने वाली थ्योरी पर भी चोट पहुंचाता है।भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी एंटीगुआ से लापता हो गया था। बाद में वह क्यूबा भागते वक्त रास्ते में ही डोमिनिका में पकड़ा गया। मेहुल चोकसी के पास एंटीगुआ की नागरिकता है। मेहुल चोकसी की करतूतों से परेशान एंटीगुआ की सरकार ने डोमिनिका से उसे सीधे भारत को सौंपने का अनुरोध किया था। लेकिन इससे पहले डोमिनिका की एक अदालत ने चोकसी के प्रत्यर्पण पर रोक लगा दी है। वहीं अब डोमिनिका सरकार के 25 मई के आदेश के बाद मेहुल के भारत आने का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है।

इंटरनेट कॉलिंग से दी गई थी विमानों को हाइजैक करने की धमकी

भोपाल। मंगलवार शाम को राजा भोज एयरपोर्ट के मैनेजर को फोन कर भोपाल व इंदौर से एक घंटे के अंदर दो विमानों को हाइजैक कर पाकिस्तान ले जाने की धमकी दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने फोन नंबर के आधार पर शुजालपुर से उज्जवल जैन नाम के युवक को हिरासत में ले लिया था। जांच के दौरान पता चला कि उज्जवल के नंबर से एयरपोर्ट मैनेजर को फोन नहीं किया गया। आशंका है कि धमकी देने के लिए इंटरनेट कॉलिंग का इस्तेमाल किया गया। इस मामले में साइबर अपराधियों का हाथ होने का शक है।गौरतलब है कि मंगलवार शाम करीब पांच बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा एयरपोर्ट टर्मिनल मैनेजर धर्मराज वर्मा के पास धमकी भरा फोन आया था। इस मामले में पुलिस ने रात को शुजालपुर निवासी उज्जवल जैन को हिरासत में ले लिया था।

एचडीएफसी बैंक में 1.19 करोड़ की लूट

हाजीपुर। बिहार के वैशाली जिले के हाजीपुर स्थित एचडीएफसी बैंक की ब्रांच से 1.19 करोड़ रुपये लूट लिए गए। बताया जा रहा है कि इस वारदात को बाइक सवार पांच बदमाशों ने अंजाम दिया। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी असलहे लहराते हुए फरार हो गए। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद शहर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने नाकाबंदी करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, बैंक खुलने के कुछ देर बाद ही बदमाश ब्रांच में घुस गए। उन्होंने हथियारों के दम पर सभी कर्मचारियों को बंधक बना लिया और वारदात को अंजाम दिया। जांच में सामने आया है कि कुल पांच बदमाशों ने इस लूट को अंजाम दिया। जब आरोपी फरार हो गए तो मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि इस सनसनीखेज वारदात के बाद एचडीएफसी बैंक की ब्रांच के मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया है। साथ ही, मीडिया की एंट्री पर बैन लगा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि वारदात की सूचना के बाद से ही शहर में नाकेबंदी कर दी गई और आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों का हुलिया पता लग चुका है। उसके आधार पर जांच भी शुरू कर दी गई है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों तक पहुंचने में जल्द ही कामयाबी मिल सकती है। बता दें कि इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

जनगणना का एक दशक: 139 करोड़ पर पहुंचा भारत, चीन के बाद दूसरे नंबर पर

नई दिल्ली। वर्तमान दौर में भारत की आबादी के संदर्भ में बात की जाए तो बिना किसी जनगणना के सटीक जनसंख्या का पता लगाना बेहद मुश्किल है। जनसंख्या वृद्धि दर संबंधी आंकड़ों पर नजर रखने वाली वेबसाइट वर्ल्डोमीटर के अनुसार 2021 में भारत की जनसंख्या लगभग 139 करोड़ हो चुकी है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या के रिपोर्ट के अनुसार 2010 से 2019 के बीच भारत की आबादी की कुल वार्षिक वृद्धि दर 1.2 से बढ़कर 1.36 हुई है, जो की चीन की वार्षिक वृद्धि दर के मुकाबले दोगुनी है। इसके अनुसार, 2020 में भारत की आबादी लगभग 138 करोड़ होती है। हालांकि, 141 करोड़ आबादी के साथ चीन दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। गौरतलब है कि देश में आखिरी बार जनगणना 2011 में हुई थी। इस जनगणना को एक दशक पूरा हो चुका है। इस एक दशक में देश में बहुत कुछ बदल गया है। 2011 की जनगणना के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक, भारत की आबादी 1.21 अरब यानी 121 करोड़ है। यह जनसंख्या अमेरिका, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैस देशों की कुल आबादी से भी अधिक है।

दो चरणों में होती है जनगणना

देश में 2011 की जनगणना को दो चरणों में पूरा किया गया था। पहले चरण में अप्रैल 2010 से सितंबर 2010 के बीच देशभर में घरों की गिनती की गई थी। वहीं, दूसरे चरण में 09 फरवरी, 2011 से 28 फरवरी, 2011 तक चली। यह जनगणना किसी भी देश के विकास में मील का पत्थर होती है और नीति निर्धारण में अहम भूमिका निभाती है। देश में प्रत्येक 10 साल में एक बार जनगणना होती है। पिछली जनगणना के 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं। 2021 में नई जनगणना होनी थी, लेकिन वैश्विक संक्रामक महमारी कोविड-19 के प्रकोप के कारण इसमें लगातार देरी हो रही है।

जनसंख्या में टॉप टेन राज्य

1 उत्तर प्रदेश 19.98 करोड़+
2 महाराष्ट्र 11.23 करोड़+
3 बिहार 10.40 करोड़+
4 पश्चिम बंगाल 9.12 करोड़+
5 मध्यप्रदेश 7.26 करोड़+
6 तमिलनाडु 7.21 करोड़+
7 राजस्थान 6.85 करोड़+
8 कर्नाटक 6.10 करोड़+
9 गुजरात 6.04 करोड़+
10 आंध्र प्रदेश 4.95 करोड़+

ऐसी चमकी बिजली

रेलवे स्टेशन के समीप गिरा झाड़

बारिश आफत

कुदरत का कहर, एक घंटे तक वज्रपात ने डराया

जबलपुर,यशभारत। जबलपुर सहित संभाग में मानसून पूर्व की अच्छी बरसात हो रही है। अभी तक जून माह में सामान्य से 66 फीसद अधिक बारिश हो चुकी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बुधवार को बंगाल की खाड़ी में एक ऊपरी हवा का चक्रवात बन गया है। शुक्रवार को इस सिस्टम के कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 12 जून से जबलपुर संभाग के जिलों में भारी वर्षा होने के आसार हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून दो तीन दिन में प्रदेश में दस्तक दे सकता है। बुधवार, गुरुवार की रात मानो कयामत की रात थी। करीब एक घंटे तक आसमानी आतिशबाजी,बादलों की गड़गडाहट, तेज तूफानी हवाओं के साथ भारी बारिश से ऐसा लग रहा था कि मानो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। बुधवार रात 11.5 बजे से आधी रात 12 बजे तक हुए वज्रपात से लोगों में दहशत फैल गई। दक्षिण पूर्व की तूफानी हवाओं के कारण कई जगह झाड़ पेड़ गिर गए। बिजली गुल हो गई। लोगों का कहना था कि उन्होंने पहली बार कुदरत का ऐसा कहर देखा है। उधर मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन चार दिन तक जबलपुर में भारी बारिश होती रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को जबलपुर अधिकतम तापमान 33.7 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से 7 डिग्रीसे.कम रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से पांच डिग्रीसे.कम रहा । मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी सहायक देवेन्द तिवारी ने बताया कि दरमियानी रात से आज सुबह तक शहर में 20.8 मिलीमीटर बारिश हुई है। दक्षिण पश्चिम मानसून अरब सागर से गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना से आंध्रप्रदेश होते हुए बंगाल की खाड़ी से आगे बागडोगरा पश्चिम बंगाल तक पहुंच गया है। वहां मानसून की उत्तरी सीमा बुलसर, मालेगाव, नागपुर, भद्राचलम, टूनी से बागडोगरा तक जा रही है। अगले दो तीन दिनों में मानसून के मध्यप्रदेश प्रवेश करने की प्रबल संभावनाएं हैं। उधर वर्तमान में भी उत्तर-पूर्वी उत्तरप्रदेश से बंगाल की खाड़ी तक एक ट्रफ बना हुआ है। महाराष्ट्र से केरल तक अपतटीय ट्रफ बना हुआ है। दक्षिणी उड़ीसा से दक्षिणी गुजरात तक भी एक ट्रफ बना हुआ है। इस वजह से मप्र में भी लगातार नमी आ रही है। जब भी मानसून सागर में समय पर पहुंचा, तब औसत से ज्यादा बारिश हुई, इस बार भी अच्छी बारिश की उम्मीद है। पिछले 10 सालों में 4 बार ऐसा हुआ है कि जब औसत से ज्यादा बारिश हुई। इसमें भी दो साल वे हैं, जब मानसून ने समय पर दस्तक दी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले साल की अपेक्षा मानसून की रफ्तार अच्छी है। पिछले साल भी मानसून समय पर आया था, जब भी मानसून समय पर पहुंचा अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में बारिश का ऐसा ही क्रम बना रह सकता है। 11 जून के बाद से ये सिस्टम और तेज हो जाएगा। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से तेजी आ रही नमी के कारण मध्यप्रदेश पर टर्फ लाइन निर्मित हो गई है। इसी वजह से जबलपुर समेत कई संभागों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है।

फोटो- अशोक बर्मन

शहर में गिरे कई पेड़, होर्डिंग उड़े

बुधवार रात शहर में लगभग 32 से 34 किमी/प्रतिघंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं और बारिश ने शहर में कई पेड़ और होर्डिंग गिरा दिए। एमपीईबी, ग्वारीघाट रोड, अधारताल समेत कई क्षेत्रों में पेड़ गिरने की सूचना मिली है। जोरदार बारिश से शहर के विभिन्न इलाकों में जलप्लावन की भी जानकारी मिली है। हालात ये हैं कि शहर की प्रमुख सड़कों पर भी बारिश के इस ट्रेलर मात्र से ही पानी भर गया। नगर निगम के मेंटेनेंस को लेकर लगातार शहरवासी सवाल उठा रहे हैं, ऐसे में सोचने वाली बात है कि ट्रेलर में जब यह हाल हुआ तो मॉनसून आने पर क्या होगा?

आवारा कुत्तों का आतंक, लोग परेशान

जबलपुर,यशभारत। नगर की शायद ही कोई ऐसी गली हो जहां लोग स्ट्रीट डॉग्स (आवारा कुत्तों) से परेशान न हों। देर रात या तड़के तो उनका अपनी ही गलियों से गुजरना मुहाल हो गया है। आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। खास तौर से नर्मदा रोड आइडियल स्टेट के वाशिंदे परेशान है। स्थानीय निवासी पुनीत हांडा, पी पी अजीत और आशुतोष बाजपेई ने बताया कि डयूप्लेक्स के सामने वाली सड़क में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर है कि यहां से निकलना दूभर हो गया है। इनमें से एक तो पागल हो गया है। हर किसी को काटने को दौड़ता है। तीन चार लोगों को काट भी चुका है। इस प्रकार आवारा कुत्तों के आतंक का मामला आए दिन सामने आ रहा है। पिछले एक वर्ष में करीब पांच सौ लोग आवारा कुत्तों के शिकार हुए हैं। बावजूद शहर में इन कुत्तों को पकड़ने के लिए किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं है। शहर के विभिन्न मोहल्लों में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया कि लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। कई मोहल्लों में आवारा कुत्ते छोटे बच्चों को काट कर घायल कर चुके हैं। इसके बाद भी इन कुत्तों से लोगों को राहत दिलाने की कोई पहल नहीं की जा रही है। आवारा कुत्तों की आबादी पर नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। शहर में हर साल कम से कम 10 हजार लोग आवारा कुत्तों का शिकार बन रहे हैं, लेकिन नगर निगम को इससे कोई सरोकार नहीं। विक्टोरिया जिला चिकित्सालय में रैबीज के इंजेक्शन का टोटा है। जबकि कुत्तों के काटने के बाद विक्टोरिया अस्पताल पहुंचने वालों की संख्या साल दर साल बढ़ती जा रही है।

काली पट्टी बांधकर नर्सें जता रहीं विरोध

जबलपुर, यश भारत 10 सूत्रीय माँगें अब तक पूरी न किए जाने को लेकर आज भी मेडिकल कॉलेज में नर्सेस ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रदर्शन किया। नर्सेस ने काली पट्टी बाँधकर विरोध सप्ताह की शुरूआत की थी। वहीं कल नर्सेस पीपीई किट पहनकर विरोध करेंगी। नर्सों ने 9 सूत्रीय मांगों के पूरा नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की है। एसोसिएशन की अध्यक्ष हर्षा सोलंकी के अनुसार पिछले माह नर्सेस-डे पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर और कॉलेज के अधिष्ठाता को ज्ञापन सौंपा गया। सेकंड ग्रेड वेतन, पुरानी पेंशन नीति लागू करने, कोरोना से मृत नर्सेस के स्वजनों को नियमित नौकरी देने, मेल नर्स की भर्ती, कोविड काल में ड्यूटी करने वाली नर्सों को स्थाई करने सहित अन्य मांगें की गई थी। इस पर अभी तक सरकार की ओर से ना तो कोई आश्वासन दिया गया है, ना ही बातचीत की गई है। यदि शीघ्र मांगें पूरी नहीं हुई तो 14 जून के बाद कभी भी प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में नर्सें हड़ताल पर रहेंगी। बुधवार को नर्सों ने अपनी मांग का ज्ञापन कैंट विधायक अशोक रोहाणी को सौंपा। हर्षा सोलंकी के अनुसार माँगों को लेकर अभी तक सरकार की ओर से न तो कोई आश्वासन दिया गया है, न ही बातचीत करके कार्रवाई की गई है। यदि शीघ्र माँगें पूरी नहीं हुईं तो 14 जून के बाद प्रदेश के छह मेडिकल कॉलेजों में नर्सेस हड़ताल पर जाएँगी। इधर नर्सेस स्वास्थ्य संगठन ने इस विरोध से खुद को दूर रखा है। संगठन अध्यक्ष सुनीला इशादीन के अनुसार संगठन के सदस्य नियमित रूप से अस्पताल में अपनी सेवाएँ देंगे। हमारा ध्यान मरीजों की सेवा पर है।

बंद रेल फाटक को पार करने पर जोखिम में पड़ सकती है जान

जबलपुर यश भारत। जबलपुर रेल मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक दिवस पर आज मंडल में विभिन्न आयोजन किया जा रहे हैं जिसके तहत कछपुरा रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे के स्काउट एवं गाइड के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए लोगों से ट्रेन के आने पर बंद फाटक को पार ना करने का संदेश बहुत ही रोचक अंदाज से दिया। आज 10 जून को अंतरराष्ट्रीय रेल समपार फाटक दिवस के अवसर पर रेलवे कलाकारों ने मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में नाटक का मंचन किया ।इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पाठक ने कछपुरा में नाटक के दौरान उपस्थित होकर कलाकारों का उत्सव वर्धन किया। उल्लेखनीय है कि मंडल में 196 समपार फाटक हैं जिन्हें ट्रेन के कुछ मिले पूर्व बंद कर दिया जाता है जिससे सड़क यात्री का जीवन सुरक्षित रहे लेकिन रेल फाटक के बन होने पर कुछ लोग बंद फाटक के नीचे से निकालने के प्रयास में ट्रेन की चपेट में आकर अपनी जान गवा देते हैं, इसलिए इसे रोकने के लिए रेलवे द्वारा प्रतिवर्ष इन फाटक पर लोगों को जागृत करने के उद्देश्य से विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। यह आयोजन शहरी क्षेत्र के साथी ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयोजित करके लोगों को सुरक्षित फाटक पार करने का संदेश दिया जाता है ।

प्रसाद का वितरण शाम को

जबलपुर। आज भगवान शनि जन्मोत्सव पर गोहलपुर हनुमान मंदिर मैं अनामिका दुर्गा उत्सव समिति द्वारा शाम 7:00 बजे प्रसाद का वितरण किया जाएगा जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव मुरली दुबे दीपक शर्मा टिम्मी विजय सिंह यादव राजेश यादव राजा सेन आनंद कनोजिया लक्ष्मी नारायण शुक्ला शिवराम पटेलरामसुवन गुप्ता नमोकान्त गिरी कमलेश धपोडकर गौरी चौबे एवं समस्त दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे।

आज भी वट पूजा, शनि जयंती पर अभिषेक, 56 भोग

जबलपुर । गुरुवार को शनि जयंती, वट सावित्री व्रत के साथ ही अमावस्या का संयोग पड़ रहा है। गुरुवार 10 जून को तीनों पर्व के साथ सूर्य ग्रहण भी है, लेकिन यह भारत में नजर नहीं आएगा। हिन्दू धर्म के नजरिये से जून माह काफी महत्व रखता है। नगर में बुधवार को भी महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा अर्चना की। आज गुरुवार को भी वट सावित्री कर पूजा अर्चना परिक्रमा कर पति की दीर्घायू की कामना की ।पति की दीर्घायु के लिए बरगद के पेड़ की 108 परिक्रमा कर महिलाएं यहीं कथा सुनती हैं। सुहागनों के लिए यह दिन खासा महत्व रखता है। अमावस्या के दिन भगवान शनि देव का जन्म दिन पड़ता है। इसीलिए 10 जून को शनि जयंती भी मनाई जा रही। नगर में कल से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो चुके हैं। शनिदेव को नवग्रह में खास माना जाता है। इस दिन दान-पुण्य और शनिदेव की पूजा से शनि प्रकोप घटता है बल्कि भक्तों पर शनि की कृपा बरसती है।

शनि धाम में चल रहा अनुष्ठान

शनि धाम तिलवारा घाट नर्मदा तट पर विराजमान शनि देव के पावन जन्मोत्सव पर दो दिवसीय वैदिक अनुष्ठान में महामारी नाश के लिए महाअभिषेक और शनि देव को 56 भोग लगाया गया। मंदिर प्रमुख पं सतीश पंडा ने बताया कि नवग्रह पूजन, शिव अभिषेक, राम दरबार पूजन, शनि देव का तेल अभिषेक, अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हो गया है। आज सुबह 5.30 बजे प्रातः काल से महाअभिषेक किया गया। दोपहर 2 बजे अखंड रामायण पाठ विराम, नवग्रह शांति हवन, 4.30 विशेष शनि देव अभिषेक, सायं 7.30 बजे 56 भोग अर्पित किए जायेंगे। संजय तिवारी, अनिल मिश्रा, नितिन भाटिया, शुभम महाराज, अखिलेश सोनी, राज सिंह, गनेश साहू, विजय ठाकुर, राजकुमार पटेल, घनश्याम ने उपस्थिति की अपील की है। फोटो- बबलू

खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर

प्रदेश के सर्वोच्च खेल अवार्ड की पुरस्कार राशि दोगुनी

जबलपुर। कोरोना काल के इस दौर में खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के लिए अच्छी खबर है कि प्रदेश के सर्वोच्च खेल अवार्ड के साथ मिलने वाली पुरस्कार राशि दोगुनी हो गई है। खेल विभाग ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। 2021 में अवार्ड के लिए आवेदन करने वाले लोगों को इस राशि का लाभ मिलेगा। दूसरी अच्छी खबर साहसिक खेल (एडवेंचर) से जुड़े लोगों के लिए है। अब वे भी इस अवार्ड के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकेंगे। विभाग ने इस खेल को विक्रम अवार्ड की श्रेणी में शामिल किया है। मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग खेल दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को उनकी 5 साल की उपलब्धियों के आधार पर सम्मानित करता है। इसमें जूनियर को एकलव्य और सीनियर खिलाड़ियों को विक्रम अवार्ड से नवाजा जाता है। जबकि प्रशिक्षकों को विश्वामित्र अवार्ड मिलता है।

लंबे अरसे बाद ओ एफ बी में दो सदस्य बढ़े

जबलपुर यशभारत ।लंबे समय तक सिंगल मेन रहे आयुध निर्माणी बोर्ड में दो नये सदस्यों की नियुक्ति होने के बाद अब कुल तीन सदस्य हो गए हैं ।दो नये सदस्यों की नियुक्ति के आदेश कल9 जून को कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय ने जारी कर दिये हैं ।जिसमें ई आर सेठ और रजनीश लोडवाल की सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

श्री लोडवाल पूर्व में एक दशक से भी ज्यादा संयुक्त महाप्रबंधक के रूप में पदस्थ रहे ।उसके बाद अन्य निर्माणियों मे वे अपर महाप्रबंधक और आयुध निर्माणी बोर्ड में डी डी जी रहे।

व्ही एफ जे लंबे समय तक रहे श्री लोडवाल की नियुक्ति

उल्लेखनीय है कि आयुध निर्माणी बोर्ड में करीब एक दर्जन सदस्य होते हैं ।जिसमें फायनेंस विभाग आदि दो अन्य सदस्य आयुध निर्माणियों से पदोन्नत वरिष्ठ महाप्रबंधक को डिप्टी डायरेक्टर जनरल बनाए जाते रहे ।बाद में वरिष्ठता क्रम में इन्हें बोर्ड मेम्बर बनाया जाता रहा है ।लेकिन विगत एक दशक से लगातार बोर्ड मेम्बरों की संख्या कम हो रही थी ।हरिमोहन के बाद सी एस विश्वकर्मा एक मात्र बोर्ड के चेयरमैन और डी जी ओ एफ हैं ।जिसके चलते आयुव निर्माणियों के नीतिगत फैसले लेने और उनके कार्यान्वयन मे देर होती थी ।यद्यपि अभी भी बोर्ड में सदस्यों की संख्या पूरी नहीं है फिर भी कुछ हद तक निर्माणियों की संचालन व्यवस्था में सुधार होगा।

सब्जी व्यापारियों को लग रहे कोरोना के टीके

जबलपुर । कोरोना वेक्सीनेशन अभियान को गति देने के उद्देश्य से जिले में रोज नये तरीके अपनाये जा रहे हैं । कल राशन उपभोक्ताओं के लिये टीकाकरण शिविर लगाने के बाद आज गुरुवार को भी पनागर स्थित सब्जी मंडी में सुबह 6 बजे से टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया । तहसीलदार पनागर नीता कोरी के अनुसार सब्जी के थोक एवं फुटकर व्यापारियों, हम्मालों और हाथठेला पर गली मोहल्ले में सब्जी बेचने वालों के लिये टीकाकरण शिविर लगाने की प्लानिंग स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ पहले ही कर ली गई थी । इस शिविर का सब्जी व्यापारियों और आसपास के क्षेत्र में प्रचार-प्रसार भी किया गया था । इसी का परिणाम है कि सब्जी व्यापारियों के अलावा स्थानीय निवासी भी यहां कोरोना के टीके लगाने आ रहे हैं और उनमें उत्साह भी देखा जा रहा है । तहसीलदार पनागर के अनुसार पनागर सब्जी मंडी में सुबह ही व्यापार होता है इसलिये सभी की सुविधा को देखते हुये शिविर के आयोजन का समय भी सुबह 6 बजे का तय किया गया है । उन्होंने बताया कि सब्जी मंडी लगाये जा रहे इस केम्प के अलावा बस स्टैंड के समीप स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान परिसर में राशन उपभोक्ताओं के लिये आज लगातार दूसरे दिन वेक्सीनेशन केम्प लगाया गया है । पनागर तहसील में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं एवं पात्रता पर्चीधारी व्यक्तियों को कोरोना के टीके लगाने आज एक और शिविर ग्राम सूखा में लगाया जा रहा है ।

मुंबई में बारिश, जबलपुर की ट्रेनें प्रभावित

जबलपुर, । मुंबई में लगातार हो रही भारी वर्षा से न सिर्फ लोगों के जीवन पर बुरा असर पड़ा है बल्कि ट्रेनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है। यूपी, बिहार से जबलपुर होकर मुंबई जाने और आने वाली ट्रेनें लेट चल रही हैं तो वहीं कई ट्रेनों का समय भी बदल दिया गया है। मुंबई से चलकर जबलपुर आने वाली यात्री गाडियों पर बारिश का ज्यादा प्रभाव पड़ा है। जबलपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि बारिश से बचाव के तहत मुंबई द्वारा जबलपुर आने वाली दो यात्री गाडियों के समय में एक दिन के लिए परिवर्तन किया है, जिससे ये गाड़ियां जबलपुर में अपने निर्धारित समय से विलंब से आएंगी। लगातार बारिश जारी रही तो यूपी-बिहार से मुंबई को जो?ने वाली ट्रेनों का समय भी प्रभावित होगा। कई ट्रेनों को रद किया जा सकता है। इतना ही नहीं जबलपुर से रवाना होने वाली गरीब रथ, मुंबई स्पेशल ट्रेन भी प्रभावित हो सकती है। हालांकि जबलपुर मंडल ने ट्रेनों की लेटलतीफी को देखते हुए सभी तैयारी कर ली है, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। यात्रियों के मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से ट्रेनों की समय बताया जा रहा है।

कोरोना का असर

न मैरिज गार्डन न ज्यादा लोगों को भोज

जबलपुर। कोरोना के चलते सहालग के सीजन में साल 2020 के बाद 2021 में भी लॉकडाउन रहा। ऐसे में शादियों में पहले लॉकडाउन में 50 और दूसरे लॉकडाउन में 20 लोगों की ही शादियों में शामिल होने की अनुमति दी गई। कई परिवार तो ऐसे भी रहे, जिन्होंने 5-10 लोगों के बीच ही शादी निपटा ली। ऐसे में वे न सिर्फ अतिरिक्त खर्च से बच गए बल्कि कई परिवारों पर शादियों में होने वाला कर्ज भी नहीं हुआ ।कोरोना की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन ने शादियों पर होने वाला फिजूलखर्च बचा लिया। सीमित संख्या में मेहमानों की अनुमति के कारण शादियां का खर्च 90 फीसदी तक कम हो गया है। इससे 5-7 लाख का रुपए बचने के साथ कई लोग कर्ज से भी बच गए। जिलेभर में सहालग के सीजन में दर्जनों परिवारों ने अनुमति लेकर शादियां की हैं।

ऐसे बचा शादियां का अतिरिक्त खर्च

शादी वाले परिवारों से जब चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि सहालग के सीजन में अच्छा

5-10 मेहमानों के बीच शादी, बचे 5-7 लाख रु.

मैरिज गार्डन करना चुनौती होता है। इसके लिए उन्हें 1-1.50 लाख रुपए तक देने होते हैं। इसके साथ ही एक से दो हजार लोगों को खाने का निमंत्रण भी देना पड़ता है। इस पर भी करीब 1.50 लाख रुपए का खर्च होता है।

घरों में होने वाले रीति-रिवाजों में भी जैसे तेल, हल्दी-मेहंदी सहित संगीत कार्यक्रमों को मिलाकर करीब 2 लाख रुपए का खर्च आता है क्योंकि इन कार्यक्रमों में भी लोगों को परिवार सहित खास लोगों को भोज कराने के साथ अन्य खर्च उठाने प?ते हैं। बारात में भाड़े की कार, बस व अन्य खर्च करीब 1 से 1.50 लाख रुपए का रहता है। यह सभी खर्च लॉकडाउन होने के कारण नहीं हो सके। ऐसे में शादियों में सीधे तौर पर 5 से 7 लाख रुपए की बचत हो गई।

निम्न मध्यम वर्ग के लिए फायदे का सौदा रहा लॉकडाउन

निम्न मध्यम वर्ग की बात करें तो लॉकडाउन में शादी समारोह करना फायदे का सौदा रहा क्योंकि निम्न वर्ग को सभी लोगों को शादियों में साधने के लिए एक-डे? हजार लोगों का तो भोज ही देना प?ता है। इसके अलावा मैरिज गार्डन से लेकर अन्य खर्चे अलग से होते हैं। इस पर लॉकडाउन ने निम्न मध्यम वर्ग के यह सभी खर्च बचा लिए। इसके साथ ही उन्हें कर्जदार होने से भी बचा लिया गया क्योंकि निम्न मध्यम वर्ग की शादियों में ज्यादातर कर्ज हो ही जाता है।

निजी कॉलेजों की मनमानी के खिलाफ एनएसयूआई ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

स्कॉलर फीस वसूलने परीक्षा से वंचित करने की धमकी

जबलपुर। निजी कॉलेजों के द्वारा छात्रों पर स्कॉलर फीस जमा करने को लेकर अनैतिक दबाव बनाया जा रहा हैए हालांकि इन छात्रों को अभी तक स्कॉलर नहीं मिली है। बावजूद इसके निजी कॉलेज पैसे ना जमा कराने पर परीक्षा से वंचित करने की धमकी दे रहे हैं। जिसके विरोध में आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ;एनएसयूआई ने जिलाध्यक्ष विजय रजक की अगुवाई में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा और निजी कॉलेजों की मनमानी पर लगाम लगाने की मांग की। इस मौके पर विजय का कहना है कि कोरोना काल की परिस्थितियों का फायदा निजी कॉलेज उठा रहे हैं। जिसके चलते छात्रों को अभी तक स्कॉलर ना मिलने के बावजूद भी उनसे पैसा जमा कराने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसमें शहर के स्कूल भी शामिल है और पैसा ना जमा करने पर परीक्षा से वंचित करने की धमकी दी जा रही है। छात्रों ने मांग की है कि प्रशासन द्वारा आदेश पारित कर परीक्षा में छात्रों को बैठने की अनुमति प्रदान की जाए और छात्रों पर अनैतिक दबाव डालने वाले निजी कॉलेजों पर कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर शुभम रजकए शुभांशु कनौजिया सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

चालकों को नसीहत

नियमों का पालन करके ही आटो चलाए

जबलपुर, यशभारत। कोरोना संक्रमण अभी गया नहीं है इस बात का सभी ध्यान रखें, कोविड के जो नियम है उसका फॉलो करें। नियमों के तहत शहर की स?कों में ऑटो चलाए। यह बात माढ़ोताल थाना प्रभारी रीना पाण्डे ने दीनदयाल बस स्टेण्ड में आयोजित हुई ऑटो चालकों की बैठक में कही। थाना प्रभारी ने बैठक में निर्देश दिए कि कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते ऑटो चालक सवारियों को लाने और ले जाने का काम करें। संक्रमण को काबू मे करना है तो सभी सहयोग जरूरी है। ज्यादा मुनाफा के चक्कर में कोविड नियमों का तोड़ने का प्रयास न किया जाए। इस मौके पर माढ़ोताल थाना का अन्य स्टाफ भी मौजूद था। जागरूकता पोस्टर वाहनों एवं दुकानों में किये गये चस्पा* पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के सम्बंध में आम जनमानस को जागरूक करने हेतु जागरूकता पोस्टर जारी करते हुये मध्य प्रदेश से सभी जिलों को सोशल मीडिया ग्रुप्स में प्रचारित एवं प्रसारित करने हेतु तथा दुकानों एवं वाहनों में जारी पोस्टर के स्टीकर बनवाकर चिपकाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा जिले मे पदस्थ सभी थाना प्रभारियों को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी जागरूकता सम्बंधी पोस्टर को सोशल मीडिया ग्रुप मे प्रचारित एवं प्रसारित करते हुये दुकानों एवं वाहनों में स्टीकर चस्पा किये जाने हेतु आदेशित किये जाने पर आज दिनॉक 9-6-21 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात /शहर उत्तर संजय कुमार अग्रवाल द्वारा आई.एस.बी.टी. बस स्टैण्ड में बस तथा आटो में जारी जागरूकता पोस्टर के स्टीकर चिपकाये गये, इसी प्रकार थाना प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्र मे चलने वाले आटो एवं दुकानों में जागरूकता पोस्टर चस्पा कराये जा रहे है।

आरपीएफ पोस्ट में चोर ने लगायी फांसी

जबलपुर ,यश भारत। सतना आरपीएफ पोस्ट में एक शातिर चोर ने कंबल से फांसी लगा कर जान दे दी है। उक्त घटना की खबर से आरपीएफ एवं जीआरपी के अधिकारियों एवं कर्मियों में सनसनी का माहौल निर्मित हो गया और आरपीएफ पोस्ट के सामने पीड़ित पक्ष का जमावड़ा हो गया।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस बनारस से मुंबई जाने वाली महानगरी एक्सप्रेस से रीवा निवासी 25 वर्षीय आदित्य पासी को आरपीएफ द्वारा मोबाइल चोरी के मामले में गिरफ्तार कर आरपीएफ पोस्ट लाया गया था जहां पर उससे पूछताछ की जा रही थी । सूत्रों के अनुसार आरपीएफ किसी अन्य मामले में व्यस्त थी और इसी दौरान उसने वहां पर रखे कंबल को चीर कर गेट में फांसी का फंदा बनाया और उससे झूल गया । आरपीएफ को जैसे ही इसकी जानकारी लगी तो वह उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । उक्त घटना की खबर लगते ही आरपीएफ पोस्ट में भीड़ भाड़ होने लगी इस घटना की जानकारी लगते ही आरपीएफ कमांडेड अरुण त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक रेल सुनील कुमार जैन दलबल सहित सतना पहुंचे जहां पर उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर इस संबंध में संबंधितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रेल सुनील कुमार जैन ने बताया कि इस घटना की न्यायायिक जांच के आदेश दिए गए उन्होंने बताया कि जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस घटना के संबंध में आरपीएफ कमांडेंट अरुण त्रिपाठी ने जानकारी में बताया कि मृतक पुराना शातिर चोर था जिसके विरुद्ध रीवा एवं सतना में चोरी के अनेक मामले दर्ज हैं इस जांच की जा रही है इसके बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

एसआरपी ने दिए न्यायायिक जांच के आदेश

वेतन वृद्धि पर लगी रोक हटाई जाए

जबलपुर। मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि विश्वव्यापी आपदा कोरोना महामारी की आड़ में जलाई 2020 में मिलने वाली वार्षिक वेतन वृद्धि भी रोक दी गई थी, जिसे लगभग एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। वर्तमान में मंहगाई आसमान छू रही है जबकि इसके विपरित कर्मचारियों के वेतन में लगभग दो वर्षों से कोई वृद्धि नहीं हुई है,जिसका खामयाजा कर्मचारियों के साथ-साथ उनके आश्रित परिवार को भी भुगतना पड़ रहा है।

प्रदेश के लाखों कर्मचारियों की मुख्यमंत्री से गुहार

रज्य गठन के बाद संभवत: यह पहला अवसर है कि राज्य कर्मचारियों की वेतन वृद्धि एक मुश्त रोकी गई, कोरोनाकाल के पहल भी देश के साथ-साथ प्रदेश में अनेक विपदा आई किन्तु पूर्वर्ती सरकारों द्वारा कर्मचारियों को आर्थिक हानी नहीं पहुंचाई गई।

संघ के आशुतोष तिवारी, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, नरेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, जवाहर केवट, प्रहलाद उपाध्याय, मुन्ना लाल पटैल, नरेन्द्र सेन, आलोक अग्निहोत्री, मुकेश सिंह, दर्गेश पाण्डे, मनोज राय द्वेय, शहजाद द्विवेदी, रजनीश पाण्डे, अजय दुबे, सतीश उपाध्याय, अरूण दुबे, विनोद साहू, बलराम नामदेव, अजय राजपूत, गोपाल पाठक, हरिशंकर गौतम, गणेश चतुर्वेदी, के.के.तिवारी, कैलाश शर्मा, लक्ष्मण परिहार, हर्षमनोज दुबे, श्यामनारायण तिवारी, नितिन शर्मा, प्रियांशु शुक्ला, धीरेन्द्र सोनी, मो0तारिख आदि ने माननीय मुख्यमंत्री म.प्र.शासन को ई-मेल के माध्यम से पत्र भेजकर मांग की है कि इस भीषण मंहगाई के दृष्टिगत रखते हुए कर्मचारियों को देय वेतन वृद्धि/मंहगाई भत्ते पर लगी रोक शीध्र हटाते एरियर्स भुगतान के आदेश जारी किये जावें।

धीरे-धीरे सिमटता जा रहा कोरोना संक्रमण

बाजार पूरी तरह खोलने की आवाज मुखर

जबलपुर,यशभारत । कोरोना संक्रमण जिले में धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। संक्रमित मरीजों की संख्या के साथ सक्रिय केस की संख्या भी घट गई है। जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। यही वजह है कि रिकवरी दर बढ़कर 98 फीसद पर पहुंच गई है। कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए अनलाक के बाद भी प्रशासन पूरा जोर लगा रहा है। यही वजह है कि सड़कों पर भीड़ निकलने के बाद भी संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार घटती जा रही है। ऐसे मे श्सरि को पूरी तरह से अनलॉक किए जाने की मांग मुखर होने लगी है। पिछले कुछ दिनों से जितने नए संक्रमित मरीज मिल रहे हैं उनकी तुलना में स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या कहीं ज्यादा निकल रही है। बुधवार को भी 37 संक्रमित मरीज मिले जबकि स्वस्थ होकर घर लौटने वालों की संख्या 114 रही। मेडिकल की वायरोलाजी लैब से जो रिपोर्ट जारी हुई उसके अनुसार मात्र 37 नए मरीज मिले हैं जबकि मंगलवार को संक्रमण की जांच के लिए 6 हजार से ज्यादा लोगों के सैंपल लिए गए थे। वहीं 114 मरीज स्वस्थ होकर लौटे हैं जिसके कारण अब सक्रिय केस मात्र 373 रह गए हैं। रिकवरी दर भी बढ़कर 97.99 यानी करीब 98 फीसद पर पहुंच गई है। हालांकि सस्पेक्टेड लोगों की संख्या अभी भी दो हजार से ऊपर बनी हुई है। वहीं 188 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। विदित हो कि कोरोना संक्रमण की पहली और दूसरी लहर मिलाकर जिले में अब तक 50 हजार 382 मरीज संक्रमित हो चुके हैं लेकिन राहत की बात यह है कि इनमें से 49 हजार 372 मरीज अब तक स्वस्थ हुए हैं। बुधवार को कोरोना संक्रमण से तीन की मौत हुई जिसके कारण कुल मौतों का आंकड़ा बढ़कर 637 पर पर पहुंच गया है।

व्यापारिक संगठनों ने रखी माँग, कहा- हमे भी मिले राहत

सराफा एसोसिएशन ने प्रशासन से बाजार को पूर्ण रूप से खोलने की माँग की है। व्यापारियों का कहना है कि शादी सीजन शुरू होने के कारण बाजार में भीड़ बढ़ रही है। केवल एक तरफ की दुकानें खुलने से लोगों को बार-बार बाजार के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ऐसे में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दोनों तरफ की दुकानों को खोलने की अनुमति दी जानी चाहिए। इसी तरह यादव कॉलोनी क्षेत्र के व्यापारियों ने लेफ्ट-राइट दोनों तरफ के प्रतिष्ठान खोलने की माँग की है। बाजार 7 बजे बंद करने का आदेश प्रभावी है। जबकि नाइट कर्फ्यू का आदेश रात 10 बजे से लागू है।बाजारों को लेफ्ट-राइट सीक्वेंस में खोलने की इजाजत है। सप्ताह के तीन दिन एक साइट की दुकानें खुलती हैं जबकि बाकी तीन दिन दूसरे तरफ की।

पड़त भूमि पर पौध.रोपण करेगा पर्यावरण विभाग

जबलपुर। प्रदेश में हरित क्षेत्रए प्राण वायु और भू.जल स्तर को बढ़ाने के लिए पर्यावरण विभाग प?त भूमि पर सघन पौध.रोपण करेगा। पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने बताया कि इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा जाकर मानसून में अधिक से अधिक पौध.रोपण के प्रयास किये जायेंगे। पौध.रोपण में छायादार.फलदार वृक्षों के पौधों को प्राथमिकता दी जाएगी। मंत्री श्री डंग ने यह बात पर्यावरण विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कही।

केन्द्रीय जेल जबलपुर में विधिक साक्षरता का आयोजन

जबलपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आज केन्द्रीय जेल जबलपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी मोहम्मद जिलानी की अध्यक्षता तथा जेल अधीक्षक एवं उप महानिरीक्षक जेल गोपाल प्रसाद ताम्रकारए पैनल अधिवक्ता राणा भट्टाचार्यए शेख मंजूरए अमिताभ भारतीयए सिद्धार्थ सनैया शिविर में उपस्थित थे। शिविर के दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी मोण् जिलानी द्वारा दण्डित एवं विचाराधीन बंदियों की पैरोल के संबंध में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि ऐसे बंदी जो आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किये गए हैं तथा 07 वर्ष की सजा भुगत चुके है वे हाईपावर कमेटी द्वारा लिए गये निर्णय अनुसार पैरोल हेतु आवेदन कर सकते हैं। पैनल अधिवक्ता राणा भट्टाचार्य द्वारा बंदियों को उनके अधिकारों एवं नि:शुल्क विधिक सहायता संबंधी जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता शेख मंजूर द्वारा बंदियों को उच्च न्यायालय द्वारा स्वत: संज्ञान में ली गई रिट याचिका तथा उसमें पारित निर्णय की जानकारी दी गई। शिविर में उप जेल अधीक्षक आरण्पीण् मिश्र द्वारा जेल में परिरूद्ध बंदियों की पैरोल हेतु जेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मैट्रन श्रीमती देवकुमारी परोचेए बंदी पैरालीगल वालेंटियर्स एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

कर्मचारी करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर किया जाएगा आंदोलन

जबलपुर। मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारी अपनी विभिन्न लंबित मांगो के निराकरण हेतु आगामी महिनों में चरणबद्ध आंदालोन करेंगे। ध्यान रहे कि इसके पहले भी कर्मचारियों द्वारा कलम बंद आंदोलन विभिन्न लंबित मांगो को लेकर किया गया था परंतु शासन द्वारा बार बार सिर्फकर्मचारियों की मांगो को पूरा करने का आष्वासन दिया गया परंतु उन्हे पूरा नहीं किया गया। जिस वजह से प्रेदष के कर्मचारियों में रोष बना हुआ है और आगामी महिनों में मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के बैनर तले कर्मचारियों की लंबित 11 सूत्रीय मांगो को लेकर चरण बद्ध आंदोलन किया जाएगा।संघ ने आगे बताया कि 11 सूत्रीय मांगो में मुख्यत: कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि, मंहगाई भत्ता, षिक्षकों और लधुवेतन कर्मचारियों के पदनाम पदोन्नति, पुरानी पेंशन बहाली, कोरोना महामारी से शहीद हुए कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति एवं सभी स्वात्वों का अतिषीघ्र निराकरण जैसी अन्य और महत्वपूर्ण मांगो को लेकर कर्मचारियों द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।संघ के प्रांताध्यक्ष उदित भदौरिया, कैलाष शर्मा, मीनूकांत शर्मा, जियाउर्रहीम, स्टेनली नॉबर्ट, अजय रजक नरेष शुक्ला, दिनेष गौंड़, अरूण जैन, प्रषांत सोंधिया, हेमंत ठाकरे, मुनीर खान, विनोद सिंह, एनोस विक्टर, आषाराम झारिया, त्रिलोक सिंह, समर सिह ठाकुर, गुडविन चार्ल्स, गोपीषाह, निलेष खरे, एस.बी.रजक, अषोक परस्ते, अनूप डाहट, प्रकाष मिश्रा, गिरीषकांत मिश्रा, वसुमुद्दीन, राम मिलन बरकड़े, शुभसंदेष सिंग गौर, सुम्मत सिंह, मुकेष महरा, मनीष मिश्रा, अनूप सिन्हा, शरीफअंसारी, बालकिषन झारिया, प्रताप सिंह मारको, चन्दन लोधी, ईष्वर दत पड़रहा, रेवा प्रसाद, अंबिका सिंह पटेल, कन्हैया लाल, राजेष सहारिया, अजय मिश्रा, चैतन्य कुषरे, संतोष चौरसिया, देवी सिंह ठाकुर, विष्वनाथ सिंह, डेलन सिंह, आकाष भील, विषाल सिह ठाकुर, नितिन तिवारी, कमलेष दुबे, आदेष विष्वकर्मा, ईमरत सेन, भागीरथ सेन, राषिद अली, मुकेष प्रधान आदि ने मुख्य मंत्री महोद्य से कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगो को शीघ्र पूरा करने की मांग की है अन्यथा की स्थिति में आगामी महिनों में कर्मचारियों द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिये आवेदन आज से

जबलपुर। शिक्षा का अधिकार कानून के तहतए सत्र 2021.22 में प्रायवेट स्कूलों की प्रथम कक्षा में नि:शुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन आवेदन 10 जून से किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। इस संबंध में आरण्टीण्ई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन.पत्र का प्रारूप उपलब्ध कराया गया है।पात्रतानुसार निजी विद्यालय में नि:शुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयनए ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 6 जुलाई 2021 को किया जायेगा। इस वर्ष की नि:शुल्क प्रवेश प्रक्रिया में कोविड.19 से माता.पिता या अभिभावक की मृत्यु के कारण अनाथ हुए बच्चों को ऑनलाइन लॉटरी में प्राथमिकता दी जायेगी। संचालकए राज्य शिक्षा केन्द्र धनराजू एस ने इस संबंध में समय.सारणी जारी करते हुए सभी जिला कलेक्टर्स एवं अन्य अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिये हैं। निर्देश और समय.सारणी आरण्टीण्ई पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं।

कोरोना वैक्सीन लगवाने ग्रामवासियों को प्रेरित करने

गांव-गांव घूम रहे अधिकारियों के दल

जबलपुर । जिले में कोरोना वैक्सीनेशन को गति देने प्रशासनिक अधिकारियों के अलग.अलग दल ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का लगातार भ्रमण कर लोगों को टीके लगवाने प्रेरित कर रहे हैं। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देशानुसार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में वैक्सीनेशन अभियान को गति देने विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारी उन गांवों का भ्रमण कर रहे हैंए जहां लोग गलत फहमियों का शिकार हैं और टीके लगवाने आगे नहीं आ रहे हैं। ऐसे गांवों में घर.घर जाकर लोगों को समझाईश दी जा रही है और टीके लगवाने वैक्सीनेशन केन्द्र भेजा जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कोरोना के टीके लगवाने प्रेरित करने की इस मुहिम के तहत आज एसडीएम शहपुरा श्रीमती कलावती ब्यारे ने ग्राम सेमरा और कोहला का भ्रमण कर महिलाओं को टीके लगवाने की समझाइश दी। इसका नतीजा यह रहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने यहां आयोजित टीकाकरण शिविरों में कोरोना के टीके लगवाये। इसी तरह पनागर तहसीलदार नीता कोरी ने ग्राम खजरी खिरिया में घर.घर जाकर लोगों को वैक्सीन लगवाने प्रेरित किया।कटंगी तहसील में नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव के नेतृत्व में अधिकारियों के दल ने ग्राम कैमोरीए ककरहटा जटासी और ग्राम छपरी का दौरा किया। इस दौरान ककरहटा जटासी में वैक्सीन के बारे में लोगों को भ्रमित करने के आरोप में एक दुकानदार पर कार्यवाही की गई और उसकी दुकान को सील कर दिया गया। ग्राम कैमोरी में भी भ्रांति फैलाने पर एक व्यक्ति पर कार्यवाही की गई। इस दल ने कटंगी के सामुदायिक भवन में लगाये गये केम्प पहुंचकर टीकाकरण कार्य को गति प्रदान की। स्थानीय मंदिर के पुजारी ने इस केन्द्र में टीका लगवाकर लोगों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिहोरा तहसील के ग्राम खितौला में तहसीलदार सिहोरा राकेश चौरसिया ने लोगों को टीके लगाने जागरूक किया। वहीं नायब तहसीलदार कर्तव्य अग्रवाल ने शहपुरा तहसील के चरगंवा क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा में और नायब तहसीलदार सुषमा धुर्वे ने जबलपुर तहसील के अंतर्गत बरगी में लगाये गये टीकाकरण शिविर पहुंचकर वैक्सीनेशन के कार्य को गति प्रदान की। एसडीएम पाटन आशीष पांडे एवं नायब तहसीलदार पाटन सुरभि जैन ने ग्राम जटवा और धनेटा के भ्रमण के दौरान घर.घर जाकर कोरोना से सुरक्षित रहने टीके लगवाने की अपील ग्रामीणों से की।

पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्धि को लेकर

कांग्रेस आंदोलन कल, पेट्रोल पम्पों में करेंगे प्रदर्शन

जबलपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्राप्त परिपत्र अनुसार शहर जिला कांग्रेस के द्वारा 11 जून को दौपहर 12 बजे शहर के सभी पेट्रोल पम्पों के सामने पेट्रोलियम पदार्थों में हो रही निरंतर मूल्य वृद्धि, अभूतपूर्व आर्थिक मंदी, व्यापक बेरोजगारी, भत्तों पर कटौती , खत्म होती नौकरियां , आसमान छूती महंगाई जैसे मुद्दों पर सांकेतिक जन अभियान के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के आदेशानुसार सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को आवाहन किया है । विरोध प्रदर्शन आंदोलन को कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता, सभी विधायक, पूर्व विधायक, नगर कांग्रेस कमेटी, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई एवं समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र के पेट्रोल पंप के समक्ष प्रदर्शन करेंगे, प्रदेश से प्राप्त परिपत्र शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा व्हाट्सएप पर सभी को प्रेषित किया जा चुका है। विरोध प्रदर्शन अलग-अलग जगह रखने की पार्टी की मूल मंशा यह है कि भीड़ एक जगह एकत्रित न हो, स्थानीय जिला एवं राज्य प्रशासनिक द्वारा निर्धारित कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन हो सके और सभी को पालन करना अनिवार्य है। अपने कार्यक्रमों की जानकारी से प्रदेश कांग्रेस को अवगत कराएं। शहर कांग्रेस कमेटी से प्रदर्शन की सूचीबद्ध जानकारी मांगी गई हैं।

वैक्सीन माफिया की जांच की मांग : कांग्रेस

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा ने कहा कि मध्यप्रदेश में कोरोना काल में जिस प्रकार नकली रेमदेसीविर फंगस इंजेक्शन बेची गई वहीं अब नकली खाद बीज बाजार में बेची जा रही हैं । पूर्व में कांग्रेस के समय में शुद्ध के लिए युद्ध कार्यक्रम चलाया गया जिससे मिलावटखोरों पर अंकुश लगा था ।आज प्रदेश की जनता और किसान परेशान हैं कोरोना महामारी में शासन प्रशासन की नाकामी के कारण मिलावट खोर , जमा खोर निरंकुश हो गए हैं। जबलपुर में मैक्स हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट के नाम से 10 हजार कोवीशील्ड वैक्सीन का आदेश सीरम इंस्टिट्यूट को कैसे प्राप्त हो गया? किस ने आदेश दिया? जबकि इस नाम का कोई अस्पताल या संस्थान जबलपुर में है ही नहीं। राज्य के मेडिकल कॉलेजों में ब्लैक फंगस के इंजेक्शन रिएक्शन कर रहे हैं । सप्लाई टर्मिनेट करनी पड़ रही है लेकिन वातावरण नहीं सुधर रहा है। इस अराजक स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है? कौन बार-बार सुशासन और शुचिता का दावा करता है। सरकार से उन्होंने मांग की कि तत्काल या तो इस अस्पताल को ढूंढा जाए या कोवीशील्ड का आदेश देने वाले व्यक्ति को ,अन्यथा यह माफिया प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षा पर भारी पड़ने वाला है।

11 नीम के पौधे भेंट किए

जबलपुर। सुखदु:ख परिवार के पौधारोपण के क्रम में सहभागी बनते हुए अग्रवाल परिवार द्वारा स्व. श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल की चतुर्थ पुण्यतिथि पर 11 नीम के पौधे भेंट किए गए, एवं 1 नीम व 1 पीपल का पौधा स्मृति में परिवार के द्वारा रोपा गया। इस अवसर पर श्रीमती गिरजा देवी अग्रवाल, नितिन अग्रवाल ,पूनम अग्रवाल, श्रीमती शशि अग्निहोत्री, श्रीमती ज्योति उपाध्याय, श्रीमती प्रणीता बबेले, श्रीमती कल्पना अग्रवाल, मनीष विश्कर्मा, आलोक अग्रवाल, राकेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

संपादकीय

वन भूमि के कब्जे पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

अरावली के संवेदनशील वन क्षेत्र में अवैध आवासीय निर्माण को हटाने की बाबत सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश के गहरे निहितार्थों को समझा जा सकता है। इसमें दो राय नहीं कि अवैध खनन व जंगलों के कटान से दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र को हुई क्षति को व्यापक अर्थों में देखे जाने की जरूरत है। अरावली पर्वत श्रृंखला प्रकृति की तल्खी से इस इलाके की रक्षा ही नहीं करती बल्कि लगातार गहराते प्रदूषण से भी वन श्रृंखला जीवनदान देती है। यही वजह है कि फरीदाबाद जनपद के वन क्षेत्र में लक्कड़पुर-खोरी गांव में तकरीबन दस हजार अवैध आवासीय निर्माणों को हटाने का आदेश देकर सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की पहाड़ियों को बचाने की पहल की है। इस दौरान अदालत की सख्त टिप्पणी से समस्या की गंभीरता को समझा जा सकता है। अदालत ने सख्त लहजे में कहा है कि जमीन हथियाने वाले अदालत में आकर ईमानदार बन जाते हैं लेकिन बाहर कोई कार्य कानून के मुताबिक नहीं करते। यानी दो टूक शब्दों में कहा कि भूमि पर कब्जा करने वाले कानून की शरण लेने के हकदार नहीं हैं। यह संदेश न केवल जमीन पर अवैध भूमि कब्जाने वालों के लिये ही था बल्कि उन अधिकारियों के लिये भी था, जो पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करने में विफल रहे। अदालत ने पर्यावरण व पारिस्थितिकी को राष्ट्रीय संपत्ति माना है। इसमें दो राय नहीं कि इस तरह के अवैध कब्जे प्रशासन, वन विभाग, स्थानीय निकाय की अनदेखी के बिना संभव नहीं हैं, जिसके लिये बिल्डरों, दलालों तथा स्थानीय नेताओं का समूह भूमिका निभाता है। निगरानी करने वाले विभागों के आंख मूंदने से अतिक्रमण को गति मिलती है। इसमें दो राय नहीं कि कोर्ट के आदेशों से हजारों लोगों पर गाज गिरेगी। इनमें तमाम ऐसे व्यक्ति भी होंगे, जिन्होंने अपनी छत का सपना पूरा करने के लिये पूरी उम्र की कमाई लगाई होगी। कई लोगों ने बैंक व वित्तीय संस्थानों से ऋण भी लिये होंगे। लेकिन उन्हें भी लंबे समय से जारी अदालती चेतावनी व आदेशों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए था।

यहां विचारणीय पहलू यह है कि अतिक्रमण और निर्माण की यह स्थिति कैसे पैदा हुई। क्यों कार्यपालिका पर्यावरण संरक्षण और अरावली को अतिक्रमण से बचाने के प्रति संवेदनहीन बनी रही। अदालत की ग्रीन बेंच गाहे-बगाहे वन भूमि के गैर वन उपयोग को वन कानून का उल्लंघन बताती रही है। अदालत ने मई, 2009 में हरियाणा के अरावली इलाके में खनन गतिविधियों पर रोक लगा दी थी, जिसमें गुरुग्राम व मेवात का हिस्सा भी शामिल था। अदालत का मानना है कि स्वच्छ वातावरण संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का ही हिस्सा है। जिसे आने वाली पीढ़ियों के लिये संरक्षित करना हमारा दायित्व भी है। इससे अलावा सितंबर, 2018 में भी अदालत ने हरियाणा सरकार को फरीदाबाद के एक एन्क्लेव में अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। साथ ही एन्क्लेव का निर्माण करने वाली कंपनी पर अरावली पुनर्वास कोष में पांच करोड़ रुपये जमा कराने का आदेश भी दिया था। ताजे मामले में शीर्ष अदालत ने छह सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, जैसे-जैसे देश की राजधानी व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जनसंख्या का घनत्व बढ़ा है, बिल्डरों व दलालों का खेल बढ़ा है और आशियाने का सपना सजाये लोग इनके शिकंजे में फंस जाते हैं। जबकि प्रशासन व स्थानीय निकाय की जवाबदेही थी कि वे वन क्षेत्र को चिन्हित करते हुए लोगों को समय रहते इस इलाके में आवासीय निर्माण करने से रोकते। सवाल यह भी है कि जमीन के कागजात पूरा करने तथा निर्माण के नक्शा पास करने वाले अधिकारियों को क्यों नहीं ऐसे मामलों में जवाबदेह बनाया जाता। यही वजह है कि अदालत ने कहा भी कि जिन लोगों के पास दूसरे विकल्प नहीं हैं, उनके पुनर्वास के लिये अलग से विचार किया जा सकता है।

संघर्ष के बाद फिलीस्तीनी हितों की फिक्र

इस्राइल के साथ पांच दशकों तक राजनयिक संबंध न रहने की वजह से भारतीयों को इस्राइली दृष्टिकोण और उसके पास-पड़ोस के मामलों की जानकारी कम ही है। ऐतिहासिक तौर पर भी भारतीयों-यहूदियों के बीच संबंध बहुत ज्यादा नहीं रहे। विदेशी धरती पर दोनों के बीच संबंध कम ही हैं। पश्चिम एशिया और खाड़ी के देशों में व्याप्त तनावों के पीछे स्थानीय लोगों के बीच मतांतर, आशंकाएं और होड़ क्यों है, इस बाबत भी भारतीयों की जानकारी न्यून है। वहां पनपे यहूदी, ईसाई और इस्लाम धर्म, तीनों मतावलम्बी यरुशलम को पवित्र शहर मानते हैं।

अफसोस कि फिलहाल इस्राइल में यहूदियों और अल्पसंख्यक मुस्लिमों के बीच बहुत गहरी धार्मिक रार है। डर है सांप्रदायिक पाट इतना चौड़ा न हो जाए कि पुल बांधना मुश्किल हो जाए। यह मंजर उस हालात से भिन्न है जब 1947 में भारत का बंटवारा धार्मिक लीक पर हुआ था। भारत ने धर्मनिरपेक्ष संविधान को चुना, जिसमें अल्पसंख्यकों के हितों का सम्मान सुनिश्चित है। वहीं पाकिस्तान, जिसने जिन्नाह के धार्मिक आधार वाले 'दो राष्ट्र' सिद्धांत पर यकीन किया, वहां आपसी फूट इस कदर बनी, जिसकी परिणति 1971 में अलग देश बांग्लादेश के रूप में हुई। यहां एक सवाल जायज है कि केवल धर्म से राष्ट्रीयता का आधार पुख्ता रखा जा सकता है?

पश्चिम एशिया में साझी विरासत वाले तीन संप्रदाय-यहूदी, ईसाई और इस्लाम-के बीच पूर्वाग्रह और प्रतिद्वंद्विता आज भी जारी है। ईसाइयों के लिए यरुशलम पवित्र है, क्योंकि ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाने के बाद यहीं दफनाया गया था। यहूदी, जिन्हें हिटलर का नरसंहार सहना पड़ा, उनकी मान्यता में राजधानी यरुशलम वाला इस्राइल वह देश है, जिसका वादा ईश्वर ने हज़रत अब्राहम से किया था और वे लोग ऐसी जगह पर बसने की कामना सदियों तक करते आए हैं। वहीं इस्लाम के लिए भी यरुशलम का टेंपल माउंट मक्का-मदीना के बाद तीसरा सबसे पवित्र स्थल है। धार्मिक कट्टरता और खुद को न्यारा बताने की होड़ वह अड़चनें हैं, जिनकी वजह से साझा विरासत होने के बावजूद तीनों धर्मों के लोग शांति और सौहार्द से मिल-जुलकर नहीं रह पाए।

गाज़ा के फिलीस्तीनी क्षेत्र का हालिया तनाव पूर्वी यरुशलम में हुए प्रदर्शनों से शुरू हुआ जब वहां बसे 6 फिलीस्तीनी परिवारों को इस्राइली प्रशासन ने निष्कासित कर दिया। जाहिर है, फिलीस्तीनियों को अंदेशा था कि इस्राइली सर्वोच्च न्यायालय भी निर्णय उनके खिलाफ देगा। ऐसा महसूस करना जायज है क्योंकि जिस जगह से उन्हें खदेड़ा जा रहा है, अंतर्राष्ट्रीय कानून के मुताबिक वह उनकी है। तनाव की चिंगारी जल्द ही भड़ककर ज्वाला बन गई, गाज़ा पट्टी में फिलीस्तीनियों और इस्राइलियों के बीच जमकर बमबारी हुई। इन हमलों में 66 बच्चों सहित 256 फिलीस्तीनी मारे गए और 119 जख्मी हुए। इस प्रसंग में भारत ने सही रुख अपनाते हुए एक तरफ इस्राइल तो दूसरी ओर अरबों के साथ समान संतुलन वाला रिश्ता कायम रखा है।

इस्राइल के साथ भारत के रिश्तों में विस्तार और विविधता आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इस्राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ निजी मित्रता बना ली थी। मोदी ने इस्राइल यात्रा के दौरान ध्यान रखा कि फिलीस्तीनी राजधानी रामल्लाह पहुंचकर राष्ट्रपति महमूद अब्बास से भी मुलाकात की जाए। रोचक है कि हालिया वर्षों में इस्राइल और कुछ पड़ोसी अरब राष्ट्रों के बीच नए मैत्री संबंध कायम हुए हैं, जबकि इससे पहले ईरान की तर्ज पर संबंध लगातार बिगड़ रहे थे। अब छह अरब मुल्क-मिस्र, जॉर्डन, बहरीन, यूनाइटेड अरब अमीरात, सूडान और मोरक्को के साथ इस्राइल के राजनयिक संबंध हैं। हो सकता है जल्द ही अन्य अरबी देशों के साथ भी बनें। सर्वविदित है कि अरबी मुल्कों और इस्राइल की साझी चिंता और ध्येय इस इलाके में ईरान का बढ़ता प्रभाव घटाने के अलावा कट्टरवादी अरब बागियों को मिलने वाली ईरानी शह भी है। रोचक बात यह है कि पिछले कुछ दशकों से पश्चिम एशिया क्षेत्र में ध्यान का केंद्र अरब-इस्राइल तनाव से हटकर अब अरब-ईरान प्रतिद्वंद्विता पर आ गया है।

जब प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव इस्राइल को राजनयिक मान्यता देने जा रहे थे, तब अरब जगत व्यग्र हो उठा था। लेकिन जल्द ही पाया कि भारत फिलीस्तीनियों के हक में पुराना समर्थन और सहानुभूति कायम रखे है। मजेदार यह कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने फिलीस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मिलने के लिए जॉर्डन से रामल्लाह के लिए हेलीकॉप्टर में उड़ान भरी तो सुरक्षा हेतु इस्राइली वायुसेना के विमान साथ थे।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा समिति में गाजा और यरुशलम की हालिया घटनाओं पर विमर्श में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टीएस त्रिमूर्ति ने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर भारत इस्राइल और फिलीस्तीन, दोनों से क्या चाहता है। त्रिमूर्ति ने कहा 'युद्धविराम तुरंत करना वक्त की नजाकत है। हम दोनों पक्षों से संयम एवं यथास्थिति कायम रखने, तनाव घटाने और पूर्वी यरुशलम सहित आसपास के इलाके की पूर्व स्थिति में एकतरफा बदलाव न करने का आह्वान करते हैं।'

इस्राइल ने पाया कि वक्त के साथ यूरोपियन शक्तियां भी फिलीस्तीनियों के प्रति सहानुभूति भरा झुकाव रखने लगी हैं। हाल में, अमेरिकी विदेश मंत्री एंथोनी बलिन्केन का फिलीस्तीनियों के लिए हमदर्दी और समझ भरा भाव दिखाना एक महत्वपूर्ण संकेत है, जब उन्होंने रामल्लाह में फिलीस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात के बाद यरुशलम में अमेरिकी उपदूतावास पुनः खोलने की घोषणा की। साफ है कि अमेरिका को अहसास है कि फिलीस्तीनियों के प्रति प्रधानमंत्री नेतन्याहू का कड़ा रुख, खासकर यरुशलम पर, प्रतिकर्म पैदा कर रहा है।

हालांकि फिलीस्तीनी समस्या का हल जल्द होने वाला नहीं है, गौरतलब है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन गाज़ा में उन फिलीस्तीनियों के पुनर्वास में दिलचस्पी ले रहे हैं, जिनके घर हालिया इस्राइली बमबारी में तबाह हुए हैं। इसी बीच, इस्राइल सऊदी अरब और अन्य अरबी मुल्कों से औपचारिक राजनयिक मान्यता पाने के लिए काफी प्रयासरत है। इस्राइल को सलाह है कि फिलीस्तीनी भूमि और आगे न कब्जाए, खासकर यरुशलम में।

कोई शक नहीं कि मिस्र और सऊदी अरब के प्रभाव का इस्तेमाल करके चरमपंथी गुट हमास को छोटे-से उकसावे पर हिंसा करने से रोका जा सकता है। इस्राइल की मुख्य चिंता इस इलाके में ईरान की भूमिका को लेकर है, जहां वह हमास जैसे कट्टरवादी गुटों को हथियार मुहैया करवाकर अपना प्रभाव बढ़ाता जा रहा है। अहम सवाल यह है कि यदि ईरान अमेरिका और सहयोगी यूरोपियन मुल्कों के साथ संधि हेतु समझौता वार्ता करता है, जिससे उस पर लगे परमाणु प्रतिबंध हट सकते हैं, तब भी क्या वह अपनी उक्त नीतियां जारी रखेगा।

हालिया चुनाव परिणामों के बाद नेतन्याहू एक व्यवहार्य गठबंधन बनाने में असफल रहे हैं। लगता है पूर्व कमांडो रहे दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री नफ्ताली बैनेट के नेतृत्व में अब इस्राइल में सैद्धांतिक रूप से विपरीत ध्रुवों वाले दलों की गठबंधन सरकार बनने जा रही है। इस गठजोड़ में वामपंथ की ओर झुकाव रखने वाले याअर लापिड विदेश मंत्री होंगे। बैनेट दो साल के लिए प्रधानमंत्री रहेंगे और बाकी समय में लापिड यह पद संभालेंगे। लगता है इस घटनाक्रम से बाइडेन प्रशासन खुश है। कदाचित बाइडेन प्रशासन इस्राइलियों को मनाने में व्यस्त रहेगा कि फिलीस्तीनियों के साथ मेल-मिलाप बनाने के उपाय किए जाएं। यरुशलम के विवाद को सुलझाने के लिए बैनेट प्रशासन को फिलीस्तीनियों की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए आगे बढ़ना होगा।

जी. पार्थसारथी
लेखक पूर्व राजनयिक हैं।

आप का राशिफल 11 जून

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-4-5

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-2-3-७

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-3-5

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभांक-3-4-6

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-1-3-4

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-3-6-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेलजोल से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-3-6-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-6-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-3-5

फिल्म वर्ग पहेली- 5461



ऊपर से नीचे:-
१. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२. संजयदत्त, जूही चावला की 'आलारे पाउस अला' गीत वाली फिल्म-३
३. आशुतोष गोवारीकर की बहुचर्चित फिल्म 'लगान' के संगीतकार कौन है-४
४. जीतेंद्र, रीना रामेश्वरी की फिल्म-२
५. संजय खान, मुमताज की 'ऐ हसीनों नाजनीनों' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
९. फिल्म 'मन की आँखें' की नायिका थी-३
११. शाहरुख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली जैकी, जूही, अमृता की फिल्म-३
१३. राजकपूर, नर्गिस की 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तन्हा तन्हा दिल धड़के' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली की फिल्म-३
१५. 'अभिमान' में अमिताभ की नायिका-२
१६. राज बब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो' गीत वाली फिल्म-३
१८. राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१९. 'बेचारा दिल क्या करे' गीतवाली फिल्म-३
२१. धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
२२. 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
२३. अमिताभ, संजीव, शर्मिला की फिल्म-३
२५. 'मैं तो हूँ पागल मुंडा' गीत वाली फिल्म-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की फिल्म-२

बायें से दायें:-
१. मनोज वाजपेयी, अरशद, तब्बू, की 'बाब मेरी ये' गीत वाली फिल्म-२
२. 'जीवन से भरी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
४. सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की 'हैलो हैलो बोलके' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ऐसा मिलन कल हो ना' गीत वाली सैफअली, काजोल की फिल्म-३
८. कुमार गौरव, विजयेता की 'याद आ रही है' गीत वाली फिल्म-२,२
१०. 'आँखें' ती नायिका कौन थी-२
१२. 'दिल में छुपाके प्यार' गीत वाली दिलीपकुमार, निम्मी की फिल्म-२
१३. दिलीपकुमार, मीना की 'राधा ना बोले ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'किसी से तुम' गीत वाली लता दत्ता, प्रियंका, अक्षय की फिल्म-३
१६. राजकपूर, राजेंद्र, वैजयंती की 'मैं क्या करूंयम' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली अमिताभ, अमजद, नीतू की फिल्म-३
२०. फिल्म 'कहानी किस्मत की' में धर्मेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२२. नसीर, आमिर, सौनाली, उपासना की 'जो हाल दिल' गीत वाली फिल्म-५
२४. 'दिल में जागी धड़कन' गीत वाली लक्की अली, गौरी की फिल्म-२
२५. अशोककुमार के गाये बालगीत 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' वाली फिल्म-४
२७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
२८. संजयदत्त, मनीषा की 'कसम से कसम से' गीत वाली फिल्म-३
२९. अजय, अभिषेक, रानी, एशा की 'कभी नीम नीम' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 5460

ध	ड़	क	न		को		सें	स	र
मां		र्ज		मो	ह	ब		द	
	कं		आ		ब	ज	कु	मा	र
अ	प	ना	प	न			ती		न
	नी		की		ओ	म		हि	
चे		त	क	त		म	हा	ब	ला
त	ब्बू		म		दा	त		म	
ना		प्रे	म	रो	ग		मी	त	न
	द	म		ब्र		म	दा		ग
म	र्द		जा	न	व	र		हे	मा

Jagrutidaur.com, Bangalore

हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे सास-बहू के झगड़े, शुक्रवार को करना होगा बस इतना

सास-बहू के रिश्ते में अक्सर किसी न किसी बात को लेकर खींचतान होती ही रहती है। आपस में तालमेल न होने की वजह से कई बार घर में कलह होती है। इस खबर के माध्यम से हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे उपायों के बारे में जिन्हें करके आप हमेशा के लिए सास-बहू का झगड़ा खत्म कर सकते हैं। बताते चलें कि, ये सारे उपाय सिर्फ शुक्रवार को ही करने होंगे।शुक्रवार को सास-बहू मिलकर खीर बनाएं। पहले इस खीर का भोग देवी लक्ष्मी को लगाएं इसके बाद सुहागनों में बांट दें। अंत में सास और बहू दोनों मिलकर इस खीर को खाएं। इस उपाय से आपका रिश्ता मां-बेटी जैसा हो जाएगा।संबंधों में सुधार के लिए सास-बहू रोजाना भोजन करने से पहले एक रोटी कुत्ते के लिए निकाल दें। ऐसे करने के बाद ही सास और बहू साथ में खाना खाएं। इसके साथ ही सास और बहू अपनी मुस्कराती हुई फोटो खिंचवाकर लाल रंग के फ्रेम में लगाएं। इससे दोनों के रिश्ते में मधुरता आएगी।सास-बहू के झगड़े अक्सर रसोई के कामों को लेकर भी होती है। इस कलह से बचने के लिए रोजाना रसोई घर में फलों से भरा हुआ आकर्षक बाऊल रखें। इससे दोनों के रिश्तों में सुधार होगा और घर में खुशहाली आएगी। घर में शांति का वातावरण बना रहे इसके लिए प्रतिदिन गांयत्री मंत्र का जाप करें। यदि संभव न हो तो रिकार्डिंग करके भी चला सकते हो।सास-बहू हर शनिवार पीपल के वृक्ष की परिक्रमा करें और इसके नीचे दीपक प्रज्वलित करें। डाइनिंग रूम और घर के अन्य स्थान पर भोजन करने की बजाय यदि रसोईघर में किया जाए तो पारिवारिक सदस्यों पर राहू का असर कम होता है। इससे घर में शांति और सुख-समृद्धि आती है।

सूडोकु नवताल- 5982

★☆☆☆☆ सरल

6					7			
		8	2				7	5
	4			3				6
	7	1			2		5	
8				4				3
	2		8			9	6	
2				8			3	
4	3				9	8		
			3					9

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -5981 का हल

7	4	6	9	1	5	8	3	2
1	5	2	8	3	7	4	6	9
9	3	8	2	6	4	7	1	5
8	6	4	7	9	1	5	2	3
5	2	7	3	4	6	9	8	1
3	9	1	5	8	2	6	7	4
2	7	9	1	5	8	3	4	6
6	1	5	4	7	3	2	9	8
4	8	3	6	2	9	1	5	7

विचार प्रवाह

जीवन का एक एक पल अमूल्य है। इसे व्यर्थ की निंदा और आलोचना में मत गंवा देना। आज बाजार बंद है, आफिस की छुट्टी है, तो ऐसा नहीं सोचना कि चलो कहीं घूमआते हैं, किसी होटल में चलते हैं और बढ़िया खाना खाते हैं, क्लब में चलते हैं और नाच गाना देखते हैं। नहीं, यह समय की हत्या है। छुट्टी है तो कहीं मत जाओ। घर में ही बैठो और भजन करो, स्वाध्याय करो। स्वाध्याय में मन न लगे तो चादर तानकर सो जाओ लेकिन किसी की निंदा बुराई मत करो। सोकर उठो तो सेवा कार्य मं लगजाओ। छुट्टी के दिन घंटा भर तो सेवा कार्य में लगाओ।

मुनिश्री तरुणसागर जी महाराज

शब्द पहेली - 7044



बाएँ से दाएँ
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
3.ध्वज,झंडा-3
5.माहिर,होशियार-2
6.बेल,लतिका-2
8.अस्वीकृत करना-4
11.अदृश्य-3
13.फटकार,धिक्कार-3
14.अधर,होठ-2
15.सलाह,सुझाव-2
16.आश्रय-3
18.अनुमान,अंदाज-3
20.आलता,माहुर-4
23.नासिका-2
25.रहस्य-2
26.रेखा,लाइन-3
27.परिमूल्य-3

ऊपर से नीचे
1.लाख,सौ हजार-2
2.बारीक,सूक्ष्म-3
3.तीन घंटे का समय-3
4.समय,वक्त-2
5.कोतवाल-3
7.बल,जोर,दम-3
9.श्रवणेंद्रिय-2
10.जो लायक न हो-4
12.कृष्ण के बड़े भाई-4
16.दर्पण,शीशा-3
17.नौका -2
19.आसान,सरल-3
21.उपस्थित-3
22.रस से भरा-3
24.बीता हुआ दिन-2
25.रजनी,निशा-2

शब्द पहेली -7043 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

भोपाल शहर दिन में अनलॉक, रात का कर्फ्यू जारी

भोपाल। दो महीन बाद भोपाल के बाजार पूरी तरह से खुलने जा रहे हैं। हालांकि सिनेमा हॉल, स्विमिंग पूल, जिम और स्पा अभी नहीं खुलेंगे। रैली, प्रदर्शन और सामाजिक कार्यक्रमों पर भी प्रतिबंध रहेगा। दुकानें खोलने के साथ ही सरकार ने यह शर्त भी रखी है कि सिर्फ वही दुकानें खुल सकेंगी, जिनमें सभी कर्मचारियों को कोरोना का टीका लग चुका है। टीका लगाने के लिए बुधवार को बाजार खोले गए थे, लेकिन ग्राहकी की अनुमति नहीं थी। पूरा बाजार खुलने के बाद कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर चिकित्सा शिक्षा व भोपाल के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने कलेक्टर अविनाश लवानिया के साथ टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया। बाजार वाले क्षेत्रों में दुकानों पर स्टीकर चिपकवाए। उन्होंने कहा कि टीका लगवाओ, दुकान खुलवाओ नारे के साथ दुकान संचालक समेत सभी कर्मचारियों का टीकाकरण जरूरी है। लंबे समय बाद सैलून भी खुलने जा रहे हैं। इसमें शर्त यह रहेगी कि शारीरिक दूरी रखने के लिए बीच की कुर्सी खाली रखी जाएगी। सैलून में लोगों को इंतजार में बैठाया नहीं जाएगा।

- शनिवार रात आठ बजे से रहेगा जनता कर्फ्यू

बाजार बंद होने का समय अभी शाम छह बजे तक था। गुरुवार से रात आठ बजे तक बाजार खुले रहेंगे। शनिवार रात आठ बजे से सोमवार सुबह छह बजे तक जनता कर्फ्यू रहेगा।

- ग्राहक और दुकानदार रखें सावधानी

मंत्री सारंग ने कहा कि कोरोना पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए सावधानी बहुत जरूरी है। बाजारों को कोविड की गाइडलाइन के साथ ही खोलना होगा। बाजार खुलने एवं बंद होने का समय कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार ही होगा। बाजार खुलने के साथ ही व्यापारियों को दुकानों के बाहर गोले बनाने होंगे। गैर संगठनों के कुछ कार्यकर्ता बाजारों में रहकर गाइडलाइन का पालन कराएंगे। दुकानदार और आम लोगों को इनका सहयोग करना होगा। तभी कोरोना पर भोपाल की जीत होगी। सभी को ध्यान रखना होगा कि भोपाल में दोबारा लॉकडाउन की स्थिति न बने।

- दुकानदारों ने की साफ-सफाई

इधर, गुरुवार से बाजार खुलने की अनुमति के बाद बुधवार को शहर के न्यूमार्केट, चौक बाजार, इतवारा, जुमेराती, दस नंबर मार्केट और बैरागढ़ समेत सभी बाजारों में दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोलकर साफ-सफाई की। कोरोना गाइडलाइन के तहत दुकानों के सामने दो गज की दूरी के लिए रस्सियां बांधी और गोले बनाए।

अनलॉक में ये प्रविधान होंगे -

रैली, प्रदर्शन और सामाजिक कार्यक्रमों पर रहेगी रोक। सिनेमा, जिम, स्पा और स्विमिंग पूल अभी नहीं खुलेंगे। बाजार में सभी दुकानें रात आठ बजे तक खुली रहेंगी। शनिवार रात आठ से सोमवार सुबह छह बजे तक रहेगा कोरोना कर्फ्यू। सैलून की दुकान पर लोगों को इंतजार नहीं करवाया जाएगा। बाजार में गाइडलाइन का पालन करवाने के लिए विशेष टीम होगी।

108 सेवा के कर्मचारियों ने एंबुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव

भोपाल। राजधानी में 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने सेवा की मिसाल पेश की है। कर्मचारियों ने अस्पताल ले जाई जा रही एक गर्भवती महिला का एंबुलेंस में ही स्थानीय महिलाओं की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया है। बता दें कि तहसील हुजूर के सूखी सेवनिया के एंबुलेंस लोकेशन प्वाइंट पर बुधवार शाम 4 -11 बजे कॉल आया कि महिला गर्भवती है और उन्हें अस्पताल पहुंचाना है। सूचना मिलने के बाद तुरंत ही 108 एंबुलेंस गांव के लिए रवाना हो गई। जब एंबुलेंस गर्भवती महिला को लेकर जेपी अस्पताल की तरफ आ रही थी, तभी रास्ते में दशहरा मैदान के पास महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ गई। गर्भवती महिला की नाजुक होती स्थिति को देखते हुए एंबुलेंस के कर्मचारी धर्मेंद्र धाकड़ व अन्य ने तुरंत निर्णय लिया। महिला के परिजनों की सहमति के बाद आसपास की महिलाओं को बुलाया गया। इसके बाद एंबुलेंस में ही महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। महिला की उम्र करीब 25 साल है। यहां पर यह बता दें कि महिला के घर से जेपी अस्पताल की दूरी लगभग 25 किलोमीटर थी। 20 किलोमीटर चलने के बाद प्रसव पीड़ा अधिक होने लगी थी। जिस पर 108 स्टाफ ने अपनी सूझबूझ से परिजनों की सहमति पर प्रसव कराया है। नवजात व महिला दोनों स्वस्थ्य हैं। महिला को जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नवजात का वजन लगभग 2.5 किलोग्राम है। एंबुलेंस में मौजूद कर्मियों के इस त्वरित निर्णय और सेवाभावना की स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी प्रशंसा की है।

लिव-इन में रहने के बाद शादी से मुकरा, दुष्कर्म का केस दर्ज

भोपाल । निशातपुरा थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके साथ लिव-इन में रहे युवक के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली 28 वर्षीय महिला एक निजी फर्म में नौकरी करती है। महिला ने शिकायत में बताया कि कंपनी में काम करने के दौरान सहकर्मी अर्जुन मीना से उसकी दोस्ती हो गई थी। प्रेम प्रसंग शुरू होने पर दोनों लिव-इन रिलेशन में रहने लगे। इस दौरान अर्जुन ने उसे शादी का भरोसा देते हुए उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। महिला जब भी विधिवत शादी करने की बात करती तो अर्जुन कोई भी बहाना बनाकर टाल देता था।पिछले कुछ दिनों से अर्जुन ने महिला से दूरी बनानी शुरू कर दी। महिला ने कारण पूछा तो अर्जुन उसे छोड़कर अलग रहने चला गया। महिला ने अपने स्तर पर जानकारी जुटाई तो पता चला कि अर्जुन कहीं और शादी करने की तैयारी कर रहा है। शिकायत के आधार पर अर्जुन के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

70 लोगों से 22 लाख रुपये जमा कराने के बाद चिटफंड कंपनी गायब

भोपाल। हबीबगंज इलाके में एक चिटफंड कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। लोगों से पैसा जमा कराने के बाद चिटफंड कंपनी के संचालक ऑफिस में ताला लगाकर फरार हो गए। हबीबगंज थाने के एसआइ मनोज यादव ने बताया कि पहली एफआइआर दो बहनों कमला राजपूत और किरण राजपूत की शिकायत पर दर्ज की गई है। वर्ष 2013 में उन्होंने लखनऊ निवासी प्रदीप सिंह और प्रदीप वर्मा की कंपनी रियल विजन इंफ्राटेक में निवेश किया था। लखनऊ की इस कंपनी का दफ्तर भोपाल में 11 नंबर स्टॉप पर था। इसके संचालकों ने दावा किया था कि रियल एस्टेट में निवेश कराने वाली उनकी ये कंपनी पांच साल में रकम दोगुनी कर देगी। भरोसे में आकर करीब 70 लोगों ने 22 लाख रुपये का निवेश कर दिया। वर्ष 2018 में जब पैसा वापस लैने का समय हुआ तो लोग कंपनी के दफ्तर पहुंचे। यहां पता चला कि डायरेक्टर प्रदीप सिंह और एजीएम प्रदीप वर्मा दफ्तर में ताला लगाकर गायब हो गए हैं। काफी तलाश के बाद भी दोनों नहीं मिले तो लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की।ऐसी ही करतूत आधार इंफ्राविजन कंपनी के संचालक दीपक त्रिपाठी और जोगेंद्र सिंह ने भी की। इस कंपनी का दफ्तर ई-6 अरेरा कॉलोनी में था। वर्ष 2014 में रियल एस्टेट में निवेश कराने के नाम पर जालसाजों ने करीब 60-70 लोगों से 20 लाख रुपये जमा करवा लिए। पांच साल पूरे होने पर दोनों जालसाज दफ्तर में ताला लगाकर फरार हो गए। आरसी मिश्रा समेत अन्य लोगों की शिकायत पर हबीबगंज पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

आज से विरोध दर्ज कराएंगी नर्सें, शासकीय अस्पतालों में कामकाज पर पड़ सकता है असर

भोपाल। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों और जूनियर डॉक्टरों के बाद अब नर्सों ने भी मोर्चा खोल दिया है। ये नर्सें आज से विरोध दर्ज कराएंगी, जिसकी चेतावनी पूर्व में ही दे दी थी। ये वेतन बढ़ाने, पद नाम बदलने जैसी मांगों को लंबित रखने से नाराज हैं। इन्होंने नौ जून शाम तक निराकरण नहीं होने की स्थिति में 10 जून से विरोध जताने की चेतावनी दी है।

2500 नर्सों की भर्ती करेगा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

भोपाल। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मप्र इकाई की तरफ से 2500 नर्सों की भर्ती की जा रही है। इन्हें नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, शिशु वार्ड और अन्य जगह पर पदस्थ किया जाएगा। दो महीने के भीतर इनकी नियुक्ति होने की संभावना है। एनएचएम के संचालक डॉ. पंकज शुक्ला ने बताया कि कोविड में काम कर चुकी नर्सों को 10 फीसद अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे। इनकी नियुक्ति से बड़ा फायदा मरीजों को होगा। अस्पतालों में बिस्तर बढ़ाना आसान हो जाएगा। इसके अलावा वार्ड में भर्ती मरीजों को भी सुविधा हो जाएगी। अभी एक वार्ड में कई जगह सिर्फ एक नर्स ही रहती हैं, जबकि 30 बिस्तर वाले वार्ड में कम से कम तीन नर्स होनी चाहिए।

नर्सों की भर्ती से यह होगा फायदा

कोरोना की संभावित तीसरी लहर में मरीजों के इलाज के लिए विभिन्न श्रेणी के बिस्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी। इनमें कुछ नर्सों को विशेष ट्रेनिंग देकर आकस्मिक चिकित्सा इकाई, ट्रामा यूनिट, शिशु गहन चिकित्सा इकाई में पदस्थ किया जा सकेगा। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी इनकी पदस्थापना की जा सकेगी।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा अतिरिक्त अंक देने की की जा रही थी मांग

कोरोना संक्रमण के दौरान विभिन्न पदों पर ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग में नीतियों के दौरान अतिरिक्त अंक देने की मांग एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ द्वारा की जा रही थी। हाल ही में हुए आंदोलन के दौरान भी संघ ने इस मांग को को प्रमुखता से उठाया था। यही वजह है कि भर्ती में उन्हें अतिरिक्त अंक दिए जा रहे हैं।

एएनएम के पदों पर भी की जा रही है भर्ती

डॉक्टर शुक्ला ने बताया कि एएनएम के पदों पर भी भर्ती शुरू की गई है। इनकी पदस्थापना होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में इलाज में आसानी हो जाएगी। इन्हें नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ किया जाएगा। इसी टीकाकरण का काम और बेहतर हो सकेगा। भविष्य में नए उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने में भी कोई दिक्कत नहीं आएगी।

अब सिर्फ 30 मिनट में हो जाएगी म्यूकरमाइकोसिस के मरीजों की सर्जरी

भोपाल। राजधानी भोपाल के हमीदिया अस्पताल में म्यूकरमाइकोसिस के मरीजों की सर्जरी अब और आसान हो जाएगी। सर्जरी के लिए प्रेरणा सेवा ट्रस्ट और परपीड़ा हर संस्थान ने छह लाख रुपये की माइक्रोडिब्राइडर मशीन दान की है। इस मशीन से आधे घंटे के भीतर एक मरीज की सर्जरी की जा सकेगी, जबकि अभी दूसरे उपकरणों से सर्जरी में करीब दो घंटे लगते हैं। हमीदिया अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि आज यह उपकरण हमीदिया अस्पताल को मिल जाएगा।

हमीदिया अस्पताल के नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. यशवीर जेके ने बताया कि अभी सायनस में म्यूकरमाइकोसिस से प्रभावित जगह को देखने, खराब टिश्यू को काटने, उन्हें निकालने और बाद में सफाई के लिए चार अलग-अलग उपकरणों की जरूरत होती है। हर काम में करीब आधा घंटा लगता है। इस तरह कम से कम कम दो घंटे लगते हैं। फंगस भीतरी हिस्से में ज्यादा होने पर ज्यादा वक्त लगता है। नई मशीन में चारों काम एक साथ हो जाएंगे। इससे समय तो बचेगा ही, मरीजों को भी आसानी हो जाएगी। अभी चार बार इंडोस्कोप डालने से मरीजों को तकलीफ होती है। बता दें कि प्रेरणा सेवा ट्रस्ट ने इसके पहले भी कई कीमती उपकरण हमीदिया अस्पताल को दान किए हैं।

मरीजों की संख्या घटी

राहत की बात है कोरोना मरीजों की संख्या कम होने के साथ ही अब म्यूकरमाइकोसिस के मरीज भी कम हो रहे हैं। अब अस्पताल में 107 मरीज भर्ती हैं, जबकि हफ्ते भर पहले 135 मरीज थे। हर दिन भर्ती होने वाले मरीज भी अब दो-तीन ही रहते हैं। हर दिन सात से सात से आठ मरीजों की सर्जरी की जा रही है। अस्पतालों में भर्ती मरीजों को इंजेक्शन भी जरूरत के लिहाज से मिल रहे हैं। दुष्प्रभाव से बचने के लिए अभी सिर्फ लाइपोसोमल एंफोटेरिसिन इंजेक्शन मरीजों को लगाया जा रहा है।

धान मिलिंग के लिए मध्य प्रदेश में अधिक क्षमता की इकाइयां स्थापित की जाएंगी

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में धान मिलिंग की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए मिलिंग की बड़ी इकाइयां स्थापित की जाएंगी। धान की लाभदायक प्रजातियां लगाने और धान में टूटन कम आए, इसके लिए किसानों को प्रशिक्षित भी किया जायेगा। धान के अलावा अन्य लाभदायी फसलें लेने के लिए भी किसानों को प्रेरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में धान मिलिंग पर मंत्रि-मंडलीय उप-समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। धान मिलिंग दरों के संबंध में अंतिम निर्णय मंत्रि-परिषद द्वारा लिया जाएगा। मंत्रालय में आयोजित बैठक में वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री जगदीश देवड़ा, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री बिसाहू लाल सिंह, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल, आयुष राज्य मंत्री राम किशोर कांवरे उपस्थित थे। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति फैज अहमद किदवई ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में धान उत्पादन में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है। वर्ष 2020-21 में कुल 37.26 लाख मीट्रिक टन धान उपार्जित किया गया। जबकि वर्ष 2017-18 में यह मात्रा केवल 16.60 मीट्रिक टन थी। प्रदेश में कुल 804 मिलर्स हैं। इनमें 396 मिलों की मिलिंग क्षमता चार मीट्रिक टन प्रति घंटा और 392 मिलर्स की मिलिंग क्षमता 4 से 8 मीट्रिक टन प्रतिघंटा है। मात्र 16 इकाईयों की मिलिंग क्षमता 8 मीट्रिक टन प्रति घंटा से अधिक है। प्रदेश की वर्तमान मिलिंग क्षमता 35 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन है। चौहान ने निर्देश दिए कि प्रदेश में अधिक क्षमता की राइस मिलें स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। मंत्रि-मंडलीय समिति द्वारा धान की मिलिंग के संबंध में विभिन्न विकल्प प्रस्तुत किए गए। मिलर संघों द्वारा प्रस्तुत चावल परिदान के प्रस्तावों, अन्य धान उत्पादक राज्यों की मिलिंग संबंधी नीति और प्रक्रिया पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में मंत्रि-मंडलीय उप-समिति द्वारा चावल परिदान के प्रस्तावित अनुपात, मिलिंग की प्रोत्साहन राशि और अपग्रेडेशन की राशि के संबंध में विकल्प प्रस्तुत किए गए।

जिले में 121 निजी अस्पतालों में चल रहा था कोरोना का इलाज, सिर्फ 28 ने ली दोबारा मंजूरी

भोपाल । अभी तक जिले के 121 निजी अस्पतालों में कोरोना का इलाज चल रहा था। इसमें शहर के निजी मेडिकल कॉलेज भी शामिल थे। प्रदेश सरकार ने निजी अस्पतालों से 10 जून के बाद कोरोना मरीजों का इलाज करने के लिए फिर से अनुमति लेने के लिए कहा था। किंतु अभी तक सिर्फ 28 निजी अस्पतालों ने ही फिर से कोरोना का इलाज करने की अनुमति ली है। अनुमति लेने वालों में ज्यादातर शहर के बड़े निजी अस्पताल हैं। अनुमति संबंधी आदेश कलेक्टर के यहां से जारी हो गए हैं। गौरतलब है कि राजधानी भोपाल में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार कम होने के बाद कुछ निजी अस्पतालों में कई दिन से एक भी मरीज नहीं है। कोरोना संक्रमण दर भी लगातार घट रही है। इस कारण अस्पतालों ने दोबारा अनुमति नहीं ली है। अस्पताल संचालकों ने कहा कि मरीज फिलहाल कम हैं, इसलिए अनुमति नहीं ली है। यदि कोरोना की तीसरी लहर आती है और मरीज बढ़ते हैं तो फिर से अनुमति लेकर इलाज शुरू करेंगे। दोबारा अनुमति न लेने के पीछे एक वजह यह भी है कि निजी अस्पतालों को कोविड हॉस्पिटल बनाए जाने के बाद वहां गैर-कोरोना मरीजों का इलाज बंद हो गया था। अब यह फायदा होगा कि इन अस्पतालों में गैर कोरोना मरीजों का इलाज शुरू हो सकेगा। इससे गैर कोरोना मरीजों की दिक्कतें भी आसान हो जाएंगी और उन्हें इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। निजी अस्पतालों में कोरोना के सबसे ज्यादा मरीज फिलहाल चिरायु मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं।

बैरागढ़ में व्यापारियों की सक्रियता से कोरोना टीकाकरण ने पकड़ी रफ्तार

भोपाल। कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण बहुत जरूरी है। टीका का महत्व लोग अब समझने लगे हैं। खास तौर पर संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में व्यापारियों की सक्रियता से टीकाकरण अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। लोग अब स्वप्रेरणा से आगे आने लगे हैं। राजधानी में भी टीकाकरण तेज गति से चल रहा है, लेकिन संत हिरदाराम नगर में इसकी गति अन्य इलाकों की अपेक्षा बेहतर है। एसडीएम मनोज उपाध्याय के अनुसार 18 से 44 एवं 45 व अधिक आयु समूह में बैरागढ़ में लगभग 60 हज़ार डोज़ वैक्सीन लग चुकी है। यहां की स्वयंसेवी संस्थाएं भी इस कार्य में पूरा सहयोग कर रही हैं। संत निरंकारी मंडल, संस्कार स्कूल, साधु वासवानी स्कूल, सेवा सदन, रहवासी समितियां सभी सहयोग कर रहे हैं। कपड़ा और बर्तन व्यापारियों ने भी टीकाकरण में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है यही कारण है कि टीकाकरण तेज गति से हो सका है। युवा व्यवसायी किशोर साधवानी का कहना है कि टीका सभी को लगवाना चाहिए व्यापारियों की मांग को देखते हुए कि आज से बाज़ार को पूरी तरह अनलॉक किया गया है, पर व्यापारियों को कोविड गाइडलाइन का गंभीरता से पालन करना होगा। ग्राहकों को भी मास्क पहनने पर ही सामान दिया जाएगा। यह निर्णय थाने में व्यापारियों की बैठक में लिया गया। विभिन्न व्यापारिक संस्थाओं के पदाधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित बैठक में थाना प्रभारी शिवपाल सिंह कुशवाहा ने कहा कि नियमों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है। बैठक में सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा दादलानी, कपड़ा संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल ईसरानी, पूर्व अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी सहित विभिन्न एसोसिएशन के अध्यक्ष भी मौजूद थे। मार्केट रात्रि 8 बजे ही बंद करना होगा।

थाने में हुई बैठक, व्यापारियों ने कहा नियमों का पालन करेंगे

जिनालयों में भगवान शांतिनाथ का हुआ अभिषेक, श्रद्धालुओं ने की कोरोना मुक्ति की प्रार्थना

भोपाल । शहर के जिनालयों में श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ के चरणों में अर्घ्य समर्पित कर जगत में सुख-शांति और कोरोना से मुक?ति की कामना की। तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ के त्रय कल्याणक जन्म, तप और मोक्ष पर्व राजधानी में श्रद्धा-भक्ति से मनाए गए। शहर के जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं ने सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन करने के साथ पूजा-अर्चना की। राजधानी के समीप स?थित तीर्थक्षेत्र समसगढ़ में भगवान शांतिनाथ की प्राचीन प्रतिमा का अभिषेक कर श्रद्धालुओं ने जगत में शांति की कामना को लेकर मंत्रोच्चारित शांति धारा की और अष्ट द्रव्यों से श्री शांतिनाथ भगवान को अर्घ्य समर्पित किए। जब भक?तों ने श्री शांतिनाथ चालीसा का वाचन कर निर्वाण लाडू समर्पित किया तो संपूर्ण तीर्थ परिसर जयकारों से गूंज उठा। मुख्य निर्वाण लाडू समर्पित करने का सौभाग्य प्रभात चक्रवती, प्रमोद, प्रियंक, हिमांशु, राजमती राजीव राज परिवार, महेंद्र अजमेरा, दिनेश जैन, पंकज प्रधान, दीपक दीपराज, निकलेश दिगंबर परिवार को प्राप्त हुआ। भगवान शांतिनाथ का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य राजीव राज परिवार को मिला। सभी अनुष्ठान पंडित राजेश राज के निर्देशन में हुए। शहर के झिरनो जिनालय में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाए। मंदिर समिति के उप संयोजक मनोज जैन एडवोकेट सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं चंदन नगर जिनालय में भगवान शांतिनाथ का उपकल्याण दिवस मनाया गया। शांतिनाथ का महामस्तकाभिषेक हुआ। मंदिर के प्रसार-प्रचार मंत्री अरविंद सिंघई ने बताया कि मंदिर में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए कार्यक्रम हुए। विधि-विधान से भगवान शंतिनाथ की पूजा-अर्चना की गई। सभी भक?तों ने कोरोना मुक्ति की प्रार्थना की।

ग्राम पंचायत झालोंन ने की लापरवाही गेट ओर चादर शेड उड़े

जरा सी बारिश में लबालब भरी झालोन की गौशाला, नहीं है पानी निकासी की व्यवस्था

तेंदूखेडा/दमोह। मध्यप्रदेश की सरकार ने कई पंचायतो में गोवंश को सरक्षण देने के उद्देश्य से गोशालये बनवाई हैं।जहाँ उनगोवंशों को रखा जाता है जिनका कोई धनी नही होता।ऐसे गोवंशों को चिन्हित करके इन्ही गौशाला में रखकर उनकी देखभाल कि जाति हैं।जहा पर उनके खाने पीने की उनकी सेहत की ब्यवस्था की जाती हैं।सरकार के इस नेक ओर धार्मिक भावना से लबरेज वाला फैसला जिसकी सभी ने तारीफ भी की है।सरकार ने एक गोशाला को बनाने में करीब 28 लाख की राशि की ब्यवस्था की है।जिसका फायदा निर्माण एजेंसी ने उठाया है।ग्राम पंचायत झालोन की ग्राम पंचायत ने गोशाला निर्माण में जमकर भृष्टाचार किया गया।सरपँच सचिव की लापरवाही के चलतेझालोन की गोशाला का सत्यानाश हो गया।पँचायत ने गोशाला बनाते समय किसी इंजीनियर की राय सलाह नही ली थी ,इसलिये गोशाला प्रागण का ढाल नही बनाया गया।वहा पर विधिवत पानी निकासी उचित ब्यवस्था नही की गई।अभी हाल ही में हुई जोरदार बारिश के कारण गोशाला में पानी भर जाने के कारण वहाँ पर रखा हुआ भूसा खराब हो गया और जहा पर चौकीदार रहता है उस कमरे में भी पानी भरा हुआ है।गो शाला संचालन कर

रही समूह की महिलाओं ने उसकी पूर्व में पँचायत में शिकायत भी की थी कि यह पानी निकासी की उचित प्रबन्ध करवाए भविष्य में परेशानी होगी।मगर पँचायत ने एक नही सुनी और आज गो शाला पानी से लबालब है।अभी वारिश पूरी तरह नही आई है।अगर इसका उपाय नही किया गया तो भवन गिर भी सकता है।पिछले दिनों आये तूफान में चादर का सेड उड जाने से काफी मात्रा में भूसा उड गया था और गौशाला में लगे गेट भी उखड गए हैं इनसे साफ जाहिर हो रहा है कि गोशाला निर्माण में सरपँच सचिव द्वारा जमकर भृष्टाचार करके कमाई की गई है।जनपद में बैठे अधिकारी जो इनकी हर बात में हामी भरकर इनके अनुचित कामो को उचित मापदण्ड बताते हैं।

तत्कालीन सचिव निसार खान ओर मौजूदा सचिव मुनीम पटेल तथा सीईओ तेंदूखेडा तीनो को फोन लगाया तो उन्होंने फोन नही उठाया।

बघराजी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र का समापन समारोह संपन्न

बघराजी। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र का समापन समारोह संपन्न हुआ नगर की सहकारी समिति के द्वारा दो खरीदी केंद्र बनाए गए थे। केंद्र पर 809 किसानों से कुल खरीदी 73093 क्विंटल गेहूं किसानों से खरीदा गया केंद्र क्रमांक एक के ऑपरेटर संतोष पाठक व केंद्र प्रभारी उमेश बागरी ने बताया कि 551 किसानों से 49561 क्विंटल गेहूं की खरीदी कर पूरा परिवहन कर वर्ष 2021-22 समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र का कार्य को समापन किया गया ।इसी तरह केंद्र क्रमांक 2 के ऑपरेटर पं. मयंक द्विवेदी व केंद्र प्रभारी उमेश बागरी ने बताया कि 258 किसानों से 23532 क्विंटल गेहूं की खरीदी कर 23532 क्विंटल का परिवहन किया जा चुका हैं।समिति प्रबंधक ने किसानों को मास्क सैनिटाइजर की व्यवस्था उपलब्ध कराई इस दौरान किसानों ने किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने की शिकायत नहीं की खरीदी केंद्रों में प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम तहसीलदार ने अनेकों बार निरीक्षण किया जिसमें किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं पाई गई । खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक चोखे लाल विश्वकर्मा केंद्र प्रभारी उमेश बागरी समिति अध्यक्ष सुरेश असाटी सर्वेयर अजय कुमार माहोरे केंद्र क्रमांक एक के ऑपरेटर संतोष पाठक एवं केंद्र क्रमांक दो के ऑपरेटर पं. मयंक द्विवेदी दीपचंद धनगर एवं किसानों की उपस्थिति में गेहूं खरीदी का कार्य किया गया ।

कोरोना महामारी निवारण के लिए

भगवान शांतिनाथ का मस्तकाभिषेक

पनागर/कोरोना महामारी निवारण और विश्व कल्याण की कामना से पनागर विधायक सुशील तिवारी इंदु,और माया तिवारी ने भगवान शांतिनाथ के मस्तक पर चांदी का छत्र चढ़ाया। आज भगवान शांतिनाथ जी के जन्म , तप और मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर पर जैन समाज के द्वारा कोरोना नियमों का पालन करते हुए भगवान शांतिनाथ का मस्तकाभिषेक महोत्सव पूर्वक पूजन अर्चन किया गया।पनागर जैन समाज का लगभग 12 सौ साल प्राचीन अतिशय क्षेत्र है। गगनचुंबी मंदिरों का निर्माण 9 वीं शताब्दी में भट्टारको द्वारा किया गया था। भगवान शांतिनाथ की 9 फुट ऊंची खडगा सन प्रतिमा आज से 550 वर्ष पूर्व पनागर में ही कछिया ने के भूगर्भ से प्राप्त हुई थी,जहां पूरी दुनिया के जैन धर्मावलंबी दर्शन पूजन के लिए साल भर आते रहते हैं। लगभग 200 जैन घरों की इस परंपरागत जैन समाज में चौधरी,, सिंघई, मोदी, कटंगहा, लसगरी , सोधिया , नायक और खजांची यहां के मुख्य जैन परिवार हैं जो कि सदियों से इन मंदिरों की देखभाल और सेवा में लगे हुए हैं। श्री दिगंबर जैन प्रबंधकारिणी सभा यहां की पंजीकृत व्यवस्थापक संस्था है जोकि 70 सालों से इन मंदिरों की लगातार देखभाल कर रही हैं,जैन समाज के राजेश जैन पम्पी,विधायक प्रतिनिधि आनंद जैन ÷मिंन्चू÷,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति रीना जैन, मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन, मंत्री अभिनंदन चौधरी, संतोष चौधरी, आनंद लसगरी, गुरु मोदी, और नवयुवक महिला मंडल उपस्थित रहे ।चंदा प्रभु जिनालय नायक मंदिर में भगवान शांतिनाथ स्वामी जी का जन्म तप मोक्ष कल्याणक मनाया पनागर भगवान श्री 1008 शांतिनाथ स्वामी जी का आज विद्यासागर वार्ड स्थित श्री चंदा प्रभु जिनालय नायक मंदिर में जन्म तप एवं मोक्ष कल्याणक बड़े धूमधाम से मनाया प्रातः काल भगवान का जन्म अभिषेक एवं पूजन पाठ सभी उपस्थित धर्म प्रेमी जनों द्वारा किया गया।

अमिता चपरा बनी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य , अनूपपुर से बिसाहू सहित रामलाल, दिलीप एवं रामदास के नाम शामिल

अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा के बाद प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों के नामों की भी घोषणा कर दी गई है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहडोल संभाग से संभाग मुख्यालय से महिला नेत्री श्रीमती अमिता चपरा ,अनूपपुर जिले से कैबिनेट मंत्री बिसाहूलाल सिंह ,पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास पुरी ,पूर्व विधायक दिलीप जायसवाल एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रामलाल रौतेल को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है वहीं उमरिया जिले से कैबिनेट मंत्री सुश्री मीना सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री ज्ञानवती सिंह को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों के मनोनयन पर सांसद हिमाद्री सिंह जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम आधाराम अनिल गुप्ता ओम प्रकाश द्विवेदी नगर पालिका अध्यक्ष कोतमा श्रीमती मोहिनी वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष बिजुरी पुरुषोत्तम सिंह नगर परिषद अध्यक्ष अजय शुक्ला अखिलेश द्विवेदी राम अवध सिंह राजू गुप्ता जैतहरी नवरत्न ई शुक्ला नगर पालिका अध्यक्ष पसान सुमन गुप्ता नगर परिषद अध्यक्ष अमरकंटक प्रभापनारिया मनीष गोयंका प्रभात मिश्रा रवि राठौर राम नारायण शुक्ला रामनारायण उरमलिया श्रीमती मीना तंवर ज्योति शर्मा रश्मि खरे प्रभा मिश्रा गुड़िया रौतेल रमा मिश्रा नरेंद्र जैन जीतू सिंह परिहार राघवेंद्र शुक्ला गजेंद्र सिंह प्रदीप जैन दिनेश राठौर सत्यनारायण सोनी उमेश मिश्रा मुनेश्वर पांडे जितेंद्र भट्ट पुष्पेंद्र जैन रोशन भारती बिसाहूलाल रौतेल आनंद तिवारी ब्रिज कांत तिवारी वीरेंद्र सिंह चौहान अभिषेक सिंह नारायण सिंह प्रताप धमीजा किशोर कहार डॉक्टर राज पांडे सुभाष मिश्रा संदीप पुरी तारा तिवारी आशा टाबरी सुमेर केसरवानी संदीप मिश्रा विवेक मिश्रा विवेक पांडे रवि मिश्रा बृजेंद्र मिश्रा लालमणि शुक्ला राजीव रावत राजीव तिवारी प्रकाश राय यदु राज पनिका सरपंच तरनजीत सिंह अजय सिंह रेवा प्रसाद तिवारी नर्मदा प्रसाद तिवारी राकेश तिवारी गुड्डू संतोष कुमार सुशील तिवारी मनोज मिश्रा अभिषेक गौतम चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी वेद प्रकाश द्विवेदी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की है।

ग्रीष्मकालीन उड़द मूंग उपार्जन का पंजीयन प्रारंभ

सिहोरा। जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द फसल का पंजीयन प्रारंभ किया जा चुका है वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जे एस राठौर ने बताया कि जिन कृषकों ने रवि एवं खरीफ फसल का पूर्व में उपार्जन का पंजीयन कराया है वह कृषक पंजीयन केंद्र लोक सेवा केंद्र एमपी ऑनलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीयन का नवीनीकरण मूंग एवं उड़द फसल के लिए करा सकते हैं एवं जिन क्रशको ने पूर्व में पंजीयन नहीं कराया है वे कृषक भी 16 जून 2021 तक पंजीयन करा सकते हैं किसानों द्वारा पंजीकृत कराए गए उपार्जन रकवे का सत्यापन मैदानी स्तर पर तहसीलदार पटवारी द्वारा किया जाएगा।

तहसीलदार ने हर व्यापारियों को समझाया लगवाना होगा कोरोना टीका

पनागर । पालिका क्षेत्रान्तर्गत नगर के व्यापारियों को तहसीलदार नीता कोरी दे रही कोरोना टीका लगवाये जाने की समझाइस तहसीलदार ने कोरोना के संक्रमण से बचने हेतु पनागर क्षेत्र की जनता व्यवसायिक गतिविधियों को संचालित करने वाले व्यापारी बंधु औद्योगिक क्षेत्र में लगे कामगार कृषक मजदूर युवाओं महिलाओं सहित सभी से पिछले दो-तीन दिनों से कमानिया गेट, बस स्टैंड,राशन दुकान ,पडाव चौराहा, अभिमन्यु चौक, देवरी स्टेशन, मौलाना वार्ड सहित राहगीरों को कोरोना टीका अवश्य लगवाना है,साथ ही सभी संचालित सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के दुकानदारों एवं क्षेत्र में संचालित औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत कामगारों से एवं राशन दुकानों में राशन लेने पहुंचने वाले हितग्राहियों से तहसीलदार ने दुकान-दुकान घूम कर सभी दुकानदारों से जल्द से जल्द कोरोना से सुरक्षा का टीका लगवाने की अपील की।

साथ ही एसडीएम के निर्देशन पर तहसीलदार द्वारा स्थानीय जगहों पर मुनादी द्वारा लोगों को प्रेरित कराया जा रहा है वही लोगों को ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन कराने के लिए प्रेरित करने के काम में स्वास्थ्य अमला के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा कार्यकर्ता कोटवार शिक्षक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सदस्यो के माध्यम से लोगों को वैक्सीनेशन के प्रति प्रेरित किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय पनागर में टीकाकरण स्थल में पिछले कुछ दिनो से अच्छी संख्या में लोग वैक्सीनेशन कराने पहुंच रहे है।

टीकाकरण में व्यापारी व युवा दिखा रहे उत्साह

तहसीलदार द्वारा बाजारों में दुकानदारों को प्रेरित करने के कारण पिछले एक-दो दिनों से पनागर के व्यापारी भी टीकाकरण कराने बड़ी संख्या में पहुंच रहे है।

साथ ही लोगों को समझाइश दी जा रही है की जो लोग 18 साल से ऊपर हो गए है वह अपना आधार कार्ड ले जाकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित वैक्सीनेशन सेंटरों मे जाकर वैक्सीनेशन जरूर कराएं बीएमओ डॉ संतोष ठाकुर ने बताया कि पीएचसी पनागर के साथ कई उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में टीकाकरण का काम संचालित किया जा रहा है इसलिए कोरोना संक्रमण पर विजय प्राप्त करने वैक्सीनेशन कराना बहुत आवश्यक है।

जिसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष अभियान में शामिल होकर अधिक से अधिक लोग कोरोना वैक्सीन लगवाकर अपने आप को सुरक्षित करने के साथ कोरोना को हरा सकते है।इसलिए पनागर क्षेत्र की जनता से अपील की जाती है की 18 वर्ष से ऊपर के लोग वैक्सीन अवश्य लगवाये और टीकाकरण अभियान को सफल बनाये। इस कार्य में एसडीएम नमः शिवाय अरजरिया, तहसीलदार नीता कोरी, डॉ.संतोष ठाकुर,सीएमओ शेलेन्द्र कुमार ओझा,स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी,राजस्व विभाग से पटवारियों सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी, आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

बालचंद जैन को कार्यकर्ताओ ने दी बधाई

पाटन। बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष वी डी शर्मा ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी टीम की घोषणा की जिसमे नगर के बीजेपी नेता और समाज सेवी बालचंद जैन को पुनः प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई ओर पुष्प माला से उन का स्वागत जगेन्द्र सिंह अभिलाष जैन राजेश कुमार नेमा सिद्दांत नायक बंटी नेमा शुभम जैन ने बधाई दी।

कोविड-19 टीकाकरण के लिए किया प्रेरित

कुंडम। कोविड-19 टीकाकरण हेतु प्रेरित करने आज तहसीलदार प्रदीप कौरव एवं ओंकार सिंह सीईओ जनपद पंचायत कुण्डम के मार्गदर्शन में जनपद शिक्षा केंद्र की टीम टीकाकरण हेतु घर घर दुकानों में जाकर टीका लगवाने को बच्चों के अभिभावकों को समझाएं दी गई जिससे आज टीकाकरण केंद्र में बहुत भीड़ दिखी यह असर समझाइश एवं प्रेरित करने पर हुआ टीम में बीआरसी श्री जीआर झारिया बीईओ पीएस मरावी बीएसी विनोद साहू सीएसी तीरथ कुशराम रचित शुक्ला रामकुमार कछवाहा एवं शिक्षक साथी की मौजूदगी में प्रेरित किया गया।

राजामोर के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने किया स्वागत

सिहोरा। भाजपा जिला ग्रामीण के पूर्व महामंत्री नगर के जुझारू कर्मठ एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी भाई राजा मोर को प्रदेश संगठन के मुखिया बीडी शर्मा ने एक बार पुनः प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया है मोर की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ता ने आतिशबाजी करते हुए पुष्प माला एवं मिष्ठान वितरण कर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का स्वागत कर संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

देश पर आई आपदा के निवारण के लिए जन कल्याण की अटल भावना के साथ

जबलपुर। पिछले एक वर्ष से अपना देश घोर विपत्तियों का सामना कर रहा है और अब इन विपत्तियों ने विकराल रूप धारण कर लिया है। इनसे मुक्ति के लिए सरकार से लेकर आम जनता सभी लोग प्रयास कर रहे है। हम सभी चाहते है कि देश समृद्ध, सुरक्षित और स्वस्थ बने, देश के वातावरण में फैली अशुद्धियाँ समाप्त हो और भारतवासी शांति से अपना जीवन-यापन कर सके। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु राष्ट्रसंत श्री वसंत विजय जी महाराज के पावन सान्निध्य में श्री विश्वशांति एवं महालक्ष्मी कुबेर अर्थ धर्म समृद्धि कलश अनुष्ठान किया जा रहा

है।चेन्नई से 265 किलोमीटर एवं बैंगलोर से 90 किलोमीटर दूरी पर स्थित माँ पद्मावती की दिव्य कृपा एवं ऊर्जा से ओत-प्रोत श्री पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ तीर्थ धाम पर 40,000 वर्गफुट के विशाल यज्ञमंडप में 108 प्रकाण्ड पण्डित द्वारा इस महाअनुष्ठान का आयोजन होगा। आपके जीवन को सुख, समृद्ध, स्वास्थ्य और सुरक्षा से भरने के लिए अति विशाल माँ महालक्ष्मी जी की प्रतिमा के समक्ष पीतल के पान व नारियल युक्त पीतल के बने 6 लीटर के 5000 कुम्भ अभिमंत्रित किए जाएंगे। घर को स्वर्ग बनाने वाले इन दिव्य कलशों को महालक्ष्मी कुबेर मंत्रो से 1 करोड कुमकुम पूजन, 10 लाख हवन आहुतियों और 25 लाख धन्वंतरि कुबेर जाप के साथ सिद्ध किया जाएगा।

सिविल न्यायालय सिहोरा में वैक्सीन शिविर आयोजित

सिहोरा । तहसील अधिवक्ता संघ सिहोरा के द्वारा सिविल न्यायालय में वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन 9 मई बुधवार को 11.30 बजे, प्रारम्भ किया गया जिसमें 18+ से 45 वर्ष की आयु के अधिकांश अभिभाषक सदस्यों एवं न्यायालीन कर्मचारियो को कोवीशील्ड वैक्सीन का प्रथम डोज लगाया गया। जिसमे माननीय अति.जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम सिंह ,अति.जिला एवं सत्र न्यायाधीश सन्तोष कौल, व्यवहार न्यायधीश दिनेश प्रजापति, व्यवहार न्यायधीश मृणालिनी सिंह ,व्यवहार न्यायधीश सविता ठाकुर एवं अधिवक्ता संघ सिहोरा के अध्यक्ष रविदीप सिंह बैस एवं समस्त पदाधिकारियो के साथ अधिवक्ता जवाहर पटेल ,रामगोपाल पटेल ,आनन्दमणि

त्रिपाठी, पुरूषोत्तम पान्डे ,आलोक व्यौहार ,सुनील पटेल ,अभिषेक पाठक, नरेन्द्र तिवारी, विनोद पटेल ,आलोक तिवारी, राहुल तिवारी आदि अधिवक्ताग्ण एवं न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष का बघराजी में स्वागत

बघराजी। मध्यप्रदेश सर्राफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजा सराफ का बघराजी आगमन हुआ बघराजी स्वर्णकार समाज के नगर अध्यक्ष श्री राजेश सोनी ने अपने मित्रों सहित उनकी अगवानी की विश्रामगृह में उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी किया गया श्री राजा सर्राफ के साथ जबलपुर सराफा एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश सोनी नवीन सोनी बंटी सह सचिव मीनू ओसवाल सचिव सुशील सोनी उमेश सोनी ओम सोनी शिव कुमार सोनी का स्वागत सम्मान नगर अध्यक्ष राजेश सोनी पंकज सोनी प्रणव सोनी बालकृष्ण सोनी मनीष सोनी प्रकाश सोनी मनोज सोनी दिनेश सोनी वासु सोनी कैलाश सोनी अतुल सोनी चमन सोनी लवकुश सोनी विक्की सोनी पंकज सोनी सुधांशु सोनी अंकित सोनी ने तिलक वंदन पुष्पमाला के साथ साल भेंट कर सभी अतिथियों का सम्मान किया श्री राजा सर्राफ मैं उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया जी इस समय हाल मार्क छोटे कार्य करें और स्वर्णकार व्यापारियों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है सरकार ने हाल मार्क व्यवस्था शीघ्र लागू करने का निर्णय लिया है।

कोरोना काल में हर गरीब को मिलेगी रोटी

अनूपपुर। देश के प्रधानमंत्री ने बीते सोमवार को जो दो बड़ी घोषणाएं की हैं उससे कोरोना काल में गरीबों को रोटी मिल जाएगी और यह घोषणा जीवन जीने के लिए हौसला देने वाली हैं,जो दो बड़ी घोषणाएं यशस्वी प्रधानमंत्री ने की है,उसमें 18 साल से ऊपर सभी लोगों को 21 जून से मुफ्त में कोरोना का टीका एवं दूसरा देश के 80 करोड़ गरीब लोगों को दिवाली तक फ्री में राशन दिया जाना।

इन दोनों घोषणा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने ह्रदय से स्वागत किया है।

80 करोड़ गरीबों को फ्री राशन देना सराहनीय निर्णय- राकेश सोनी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश सोनी धनपुरी ने कहा कि हर किसी व्यक्ति को जीवन जीने के लिए राशन जरूरी है कोरोना काल में काम धंधे नहीं रहे तो गरीबों को रोजी-रोटी का संकट है,ऐसे में देश के 80 करोड़ गरीब व्यक्तियों को मुफ्त राशन देने की व्यवस्था की जा रही है तो यह अच्छा निर्णय है, हमारे देश में जो अनाज पैदा हो रहा है वह निर्यात ना होकर गरीबों को दिया जाए इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है जो दूसरी घोषणा टीकाकरण को लेकर है,टीकाकरण जरूरी भी टीकाकरण से कोरोना से लोग सुरक्षित हो जाएंगे।

टीका और अनाज दोनों जरूरी- कमलेश

भारतीय जनता पार्टी के बक हो इकाई के पूर्व अध्यक्ष कमलेश विश्वकर्मा ने कहा कि दोनों घोषणाएं स्वागत योग्य है और यह निर्णय एक बड़ा निर्णय है इस समय गरीबों को राशन की बहुत जरूरत है,आपदा में केंद्र सरकार ने गरीबों को जो मुफ्त राशन देने की व्यवस्था की है वह सराहनीय है,टीका और राशन दोनों जरूरी है जो केंद्र सरकार दे रही है।

खाने कमाने का संकट होगा दूर- नरेंद्र

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता नरेंद्र तिवारी ने कहा है कि राशन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो घोषणा की है वह अच्छी है कोरोना काल में गरीबों के पास कमाने का कोई साधन नहीं है घर में सब को पालना मुश्किल है यदि गरीबों को दीपावली तक मुफ्त राशन दिया जा रहा है,तो गरीब परिवार का खाने का संकट दूर हो जाएगा और गरीबों को बहुत राहत मिल सकेगी,यह बहुत ही ऐतिहासिक कदम होगा।

सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

विधायक नंदनी मरावी ने किया छात्रावास का भूमिपूजन

सवा दो करोड की लागत से बनेगा

सिहोरा। बाबू जगजीवनराम योजना 2020 के अंतर्गत अनसूचित जाति के बच्चों के लिये शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय के पास वार्ड नं 18 में सवा दो करोड की लागत से बनने वाले पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास का विधायक नंदनी मरावी द्वारा विधि विधान से भूमिपूजन किया गया।

8 माह में बनकर होगा तैयार

बालक छात्रावास का निर्माण कार्य म.प्र.पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा 8 माह में तैयार किया जायेगा जिसमें सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ 50 बैड एवं 25 कमरों के साथ बैडमिंटन पोर्ट,लायब्रेरी रूम,सर्वेन्ट क्वाटर,गैस सिलेंडर रूम,बर्तन स्टोर रूम आदि उपलब्ध रहेगा। इस योजना का प्राथमिक उददेश्य कमजोर वर्ग के

बच्चों को उच्च गुणवक्ता कि शिक्षा प्रदान करने हेतु सुविधायें प्रदान करना है। छात्रावास के बन जाने से सिहोरा एवं आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को प्राथमिक सुविधायें प्राप्त होंगी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजामोर, मण्डल अध्यक्ष अंशू परौहा,माधव मिश्रा,शिशिर पांडे, चीकू तिवारी, अर्चना जैन, गीता पटैल, सुशीला शुक्ला ,एसडीएम जे.पी.यादव, तहसीलदार राकेश चौरसिया,सहित अनेक अधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ब्वॉयफ्रेंड केएल राहुल संग क्वालिटी टाइम बिता रहीं अथिया

यूजर ने कहा- चालाक अथिया...बैकग्राउंड छुपा लिया ताकि...

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी की बेटी और एक्ट्रेस अथिया शेट्टी इंडस्ट्री की फेमस स्टार किड्स में एक हैं। वह एक्टिंग के अलावा आथिया सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। अक्सर अथिया खुद से जुड़ी दिलचस्प पोस्ट शेयर करती रहती हैं। वहीं बीते कुछ वक्त से अथिया भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल संग अफेयर की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। अथिया अक्सर राहुल संग अपनी तस्वीरें शेयर कर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। वहीं अब हाल ही में दोनों की एक नई तस्वीर ने उनके बीच चल रहे अफेयर के अफवाहों को और भी हवा दे दी है। आइए जानते हैं पूरा मामला...दरअसल, अथिया शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपनी एक मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की जिसके तुरंत बाद फैंस ने नोटिस किया कि एक्ट्रेस इस वक्त इंग्लैंड में हैं और अपने रुमर्ड ब्वॉयफ्रेंड केएल राहुल के साथ हैं। बता दें कि हाल ही में राहुल अपने एक्यूट अपेंडिक्स सर्जरी के बाद ठीक होने के बाद इस वक्त जमकर मेहनत करते दिखे। वहीं इस दौरान किक्रेटर की कई वर्कटाउट तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आईं हैं। इसी बीच राहुल ने एक और तस्वीर शेयर की, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आज के दिन का अपडेट। तस्वीर में राहुल टेरेस पर बैठकर कॉफी का लुत्फ उठाते दिखाई दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अथिया शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में आप भी देख सकते हैं कि केल राहुल और अथिया का बैकग्राउंड सेम है। तस्वीर देखने के बाद फैंस दोनों से कमेंट कर पूछ रहे हैं कि क्या वह राहुल के साथ हैं? एक यूजर ने कमेंट में पूछा, क्या आप भी उसी जगह हैं जहां राहुल सर हैं? वहीं एक अन्य ने लिखा, चालाक अथिया.....आपने बैकग्राउंड छुपा लिया ताकि हम देख नहीं पाए... वैसे कोई बात नहीं आप ऐसे ही हमें हिंट देते रहिए.... ये हमें पसंद आ रहा हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए अथिया ने कैप्शन में लिखा, अपनी उर्जा को बचा कर रखें।



विद्या बालन की नई फ़िल्म शेरनी ज़बरदस्त है ट्रेलर

नई दिल्ली। विद्या बालन की अगली फ़िल्म शेरनी का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। यह फ़िल्म सिनेमाघरों के लिए बनायी गयी थी, मगर कोरोना वायरस पैनडेमिक के चलते अमेज़न प्राइम वीडियो पर 11 जून को आ रही है। शेरनी जंगल, जानवर और इंसानों के बीच रिश्तों की कहानी है। हालांकि, यह रिश्ता कई बार ख़ूनी भी हो जाता है, जब जानवर के घर जंगल में इंसान का अतिक्रमण हो जाता है। शेरनी की कहानी बहुत साधारण है। आप ऐसी ख़बरें अक्सर सुनते होंगे कि फलां जगह कोई शेर जंगल से निकलकर आबादी में पहुंच गया या उसने इंसानों पर हमला कर दिया। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ऐसे मामलों की ज़िम्मेदारी संभालता है। शेरनी में ऐसे ही एक क़िस्से को कहानी का आधार बनाया गया है, जिसमें एक शेर आदमखोर बन जाता है। अब उसे पकड़ना वन विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। मगर, जब यह ज़िम्मेदारी एक महिला अफ़सर को दी जाती है तो संदेह और संशय उठने लगते हैं। ट्रेलर में शरत सक्सेना को एक दिग्गज शिकारी के रूप में दिखाया गया है। इनके अलावा विजय राज़, मुकुल चड्ढा, नीरज काबी, इला अरुण समेत कई कलाकार अहम किरदारों में हैं। फ़िल्म का निर्देशन अमित मासूरकर ने किया है, जो इससे पहले न्यूटन जैसी चर्चित और सराही गयी फ़िल्म बना चुके हैं। फ़िल्म 18 जून को अमेज़न प्राइम पर आ रही है। विद्या फ़िल्म में एक वन्य अधिकारी के किरदार में हैं। इसकी शूटिंग मध्य प्रदेश के जंगलों में हुई है। पिछले साल मार्च में लॉकडाउन लग जाने की वजह से शूटिंग स्थगित कर दी गयी थी, जो अक्टूबर में लॉकडाउन खुलने के बाद फिर शुरू हुई थी। अमेज़न प्राइम पर विद्या की यह दूसरी फ़िल्म है। द फैमिली मैन 2 वेब सीरीज़ के बाद अमेज़न प्राइम पर शेरनी दूसरा बड़ा प्रोजेक्ट है। इससे पहले पिछले साल शकुंतला देवी अमेज़न पर रिलीज़ हुई थी, जो लॉकडाउन की वजह से सिनेमाघरों के बजाय सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ हुई थी। हिंदी सिनेमा में समय-समय पर ऐसी फ़िल्में बनती रही हैं, जिनमें इंसानों और जानवरों के बीच रिलेशनशिप पर बात होती है। राणा दग्गूबटी की फ़िल्म हाथी मेरे साथी में हाथियों और इंसानों के बीच घर और अस्तित्व की लड़ाई को दिखाया गया था।

'तुम जो कर रहे हो बेटा बड़ी हिम्मत का काम है...

विक्की कौशल और कटरीना के रिलेशनशिप पर बने मज़ेदार मीम्स

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ और विक्की कौशल के रिलेशनशिप को लेकर बंड़े लंबे समय से चर्चा थी, लेकिन अभी तक ये कन्फर्म नहीं था कि वाकई दोनों रिलेशनशिप में हैं या ये महज़ अफवाह है। पर हाल ही में बॉलीवुड एक्टर हर्षवर्धन कपूर ने इस खबर पर मुहर लगा दी कि कटरीना और विक्की एक दूसरे को डेट कर रहे है ये खबर सच है। ज़ूम को दिए एक इंटरव्यू में हर्षवर्धन ने रिलेशनशिप की सच्चाई बताई है। हर्षवर्धन द्वारा इस खबर की पुष्टि होते ही सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई है और लोग तरह-तरह के ट्वीट कर रहे हैं। कोई अपने ट्वीट में रणबीर कपूर की फोटो शेयर मज़े ले रहा है तो कोई सलमान ख़ान की फोटो शेयर कर रहा है।

क्या कहा हर्षवर्धन ने...

Zoom ÒBy Invite Only Season 2' में बातचीत के दौरान हर्षवर्धन से पूछा गया कि इंडस्ट्री में ऐसा किसका रिलेशनशिप है जो आपको लगता है सच है और वो पीआर स्टंट नहीं है? इसके जवाब में एक्टर ने कहा, ''कटरीना और विक्की कौशल साथ हैं, उनके बारे में जो खबरें चल रही हैं वो सच हैं। मुझे लगता है ये बताने के बाद अब मेरे लिए परेशानी खड़ी होनी वाली है?शायद!।आपको बता दें कि आपको बता दें कि बता दें कि विक्की कौशल और कटरीना कैफ अफेयर की खबरों की वजह से लंबे वक्त से सुर्खियों में हैं। हाल ही में विक्की को कटरीना कैफ के घर पर स्पॉट किया गया था। विक्की की कार कई घटों कटरीना के घर के बाहर पार्क रही थी। जिसके बाद तो ये चर्चा और गरम हो गई कि विक्की और कटरीना साथ हैं। दोनों कई मौकों पर छुपते छुपाते मिलते हुए भी स्पॉट किए जा चुके हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो कटरीना कैफ की फिल्म सूर्यवंशी साल 2020 से ही रिलीज़ होन के लिए तैयार है, लेकिन कोरोना महामारी को देखते हुए सिनेमाहॉल बंद हैं और फिल्म की रिलीज़ को टाल दिया गया है। हालांकि जब हालात थोड़े सामान्य हुए थे मेकर्स ने इसे 30 अप्रेल को रिलीज़ करने का फैसला कर लिया था, लेकिन देश को कोविड की दूसरी लहर के चलते इसे फिर आगे बढ़ा दिया गया। इस फिल्म के अलावा कटरीना सलमान ख़ान के साथ टाइगर 3 में भी नज़र आने वाली हैं। वहीं विक्की की बात करें तो एक्टर द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा सैम बहादुर और ऊधम सिंह में नज़र आएंगे।

विशाल आदित्य सिंह ने अब सना के साथ शेयर कीं कोज़ी फोटोज़, निक्की तंबोली ने कियो कमेंट

नई दिल्ली। बिग बॉस फेम टीवी एक्टर विशाल आदित्य सिंह इन दिनों खतरों के खिलाड़ी 11 में हिस्सा लेने केपटाउन गए हुए हैं। केपटाउन से भी विशाल सोशल मीडिया पर लगातार एक्टिव हैं और अपनी फोटोज़ लगातार इंस्टाग्राम पर शेयर कर रहे हैं। हाल ही में विशाल ने बिग बॉस 14 फेम निक्की तंबोली के साथ कुछ कोज़ी फोटोज़ शेयर की थीं जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थीं। निक्की के बाद अब एक्टर ने सना मकबूल के साथ कुछ रोमांटिक फोटोज़ शेयर की हैं जो इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। इन फोटोज़ पर निक्की तंबोली, अभिनव शुक्ला, अर्जुन बिजलानी ने भी कमेंट किया है। इन फोटोज़ में विशाल ब्लैक कलर की एक टीशर्ट में नज़र आरहे हैं तो वहीं सना भी ब्लैक कलर की जैकेट और व्हाइट टॉप में दिख रही हैं। विशाल ने सना के साथ चार फोटो शेयर की हैं पहली फोटो में वो सना एक दीवार के सहारे खड़े दिख रही हैं और विशाल उन्हें प्यार से देख रहे हैं। वहीं दूसरी फोटो में विशाल और सना बैठे हुए हैं और एक्ट्रेस पलटकर विशाल की तरफ देख रही हैं। बाकी फोटोज़ में भी दोनों काफी क्लोज़ नज़र आ रहे हैं। फोटोज़ अभिनव शुक्ला ने कमेंट करते हुए लिखा, 'शक्ल शिकायत की तरह क्यों बना रखी है मेरे भाई'। वहीं निक्की तंबोली ने लिखा, 'प्यार हवाओं में प्यार बह रहा है'। अर्जुन बिजलानी ने कमेंट करते हुए लिखा है 'शोना बाबू'। इससे पहले विशाल ने निक्की के साथ कुछ रोमांटिक फोटोज़ शेयर की थीं जिनमें दोनों ट्विनिंग करते दिख रहे थे। जहां विशाल व्हाइट शर्ट और ब्लैक लोअर में काफी हॉट लग रहे थे, तो वहीं निक्की भी व्हाइट जैकेट, ग्रीन टॉप और ब्लू जींस में काफी सैक्सी लग रही थे। इन फोटोज़ को देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हो गए थे और तरह-तरह के कयास लगा रहे थे। आपको बता दें कि खतरों के खिलाड़ी 11 अगले महीने यानी जुलाई से टेलीकास्ट किया जाएगा। लेकिन शो से जुडी खबरें सामने आती रहती हैं। खबरों की मानें तो विशाल आदित्य सिंह वो पहले कंटेस्टेंट हैं जो इस शो से बाहर होंगे। हालांकि शो टेलीकास्ट होने तक हम ये कन्फर्म नहीं कह सकते।

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने एल्गिन का किया दौरा

तीसरी लहर को लेकर तैयारी

बच्चों को विशेष ध्यान रखना, कहीं कोई कमी न रहे

जबलपुर, यशभारत। कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर संभावित है इसलिए किसी भी तरह की चूक न हो इसका विशेष ध्यान रखना होगा। खास तौर पर बच्चों को बचाना इसलिए स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक कर्मचारी-अधिकारी इस पर फोकस करें। यह बात कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने रानीदुर्गावती चिकित्सालय एल्गिन में कही। कलेक्टर ने एल्गिन के वार्ड नम्बर 2 में पहुंचे जहां उन्होंने कोरोना की तीसरी लहर के तहत बच्चों के लिए बनाए गए आईसीयू कोविड वार्ड का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने एल्गिन अस्पताल प्रबंधन के डॉक्टरों व अन्य स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों के लिए बनाए गए आईसीयू वार्ड में सारी सुविधाएं होना चाहिए। कहीं से कोई कम न रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

खमरिया में लाखों की चोरी

गहने-जेवरात ले उड़ा चोर, पड़ोसी पर शक

जबलपुर,यशभारत। खमरिया में लाखों की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मामला कृष्णा कॉलोनी का है। जहां एक रहवासी मकान को सूना पाकर चोर ने बड़ी ही चतुराई से घर के सारे गहने-जेवरातों पर हाथ साफ कर लिया और चलता बना। जिस वक्त यह घटना हुई पीड़िता घर से बाहर थीं और जब आकर देखा तो घर की आलमारी में रखी ज्वेलरी गायब थी। पीड़िता ने घर के पास में ही रहने वाले एक पड़ोसी पर शक जाहिर किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। खमरिया पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि खमरिया घाना के कृष्णा कॉलोनी में रहने वाली श्वेता बोस पति सुभम बोस ने बताया कि वह कुछ देर के लिए घर से बाहर गयी थीं और जब आकर देखा तो घर की अलमारी का सामान अस्त-व्यस्त था। चोरी होने की आशंका के बाद जब ज्वेलरी का बॉक्स देखा तो उससे गहने गायब थे।

कृष्णा कॉलोनी की घटना, जांच जारी

परिचित का ही है कारनामा

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घर में कौन सी चीज कहां रखी है, यह केवल परिचित ही जान सकते है। लिहाजा उन्होंने एक पड़ोसी पर शक जताया है। वहीं, पुलिस आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज भी खंगाल रही है। खमरिया थाना प्रभारी निरुमा पांडे ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मामले की जांच जारी है। जल्द ही आरोपी पकड़ लिया जाएगा।

शादी के 20 साल बाद पति की हैवानियत

पत्नी को इतना मारा कि हो गई बेहोश, अस्पताल से सीधे पिता के घर पहुंची

जबलपुर। थाना पनागर अंतर्गत पति की हैवानियत का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसके चलते आरोपी पति ने घरेलु विवाद के चलते पीड़िता से जमकर मारपीट कर, बेदम कर दिया। जिसके बाद घायल और डरी-सहमी पीड़िता जैसे-तैसे अस्पताल पहुंची और वहां से पिता के घर जाकर सीधे थाने पहुंची और पति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि श्रीमती मनीषा केवट, उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम देवरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका विवाह संजीत केवट के साथ लगभग 20 वर्ष पहले हुआ था। जिससे उसका एक बेटा है। शादी के बाद से ही पति बुरा व्यवहार करते हुए तंग करता था। देर रात पति ने जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर मारपीट की। जिसके बाद उसने अपना इलाज पहले पनागर अस्पताल में कराया, फि र मन्नूलाल अस्पताल में भर्ती रही और बाद में इलाज के लिए मायके किसरोद चली गयी। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

जोधपुर नहर के गेट में फंसा मिला शव

तिलवारा थाने का मामला, नहीं हो सकी शव की शिनाख्तगी, क्षेत्र में हड़कंप

जबलपुर। तिलवारा थाना अंतर्गत आज जोधपुर पड़ाव बड़ी नहर के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। शव चूल्हागुलाई की तरफ से बहकर यहां नहर के गेट में फंसा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निकालकर शिना ती के प्रयास किए, लेकिन अभी तक शव से संबंधित कोई भी सूचना नहीं मिल सकी है।

तिलवारा पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि डायल 100 को आज सूचना मिली की एक व्यक्ति की लाश मानेगांव की तरफ से से बहकर बड़ी नहर जोधपुर पड़ाव की तरफ आई है और गेट में फंस गयी है। सूचना पर तत्काल तिलवारा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि जोधपुर पड़ाव बड़ी नहर के गेट पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश फ ंसी मिली। तत्काल पुलिस ने लाश को नहर से निकालकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शिनाख्तगी के प्रयास जारी

तिलवारा थाना प्रभारी सतीश पटैल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शव एक व्यक्ति का है, जिसकी उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के करीब है। आसपास के क्षेत्रों में शिनाख्तगी के प्रयास जारी है। युवक नहर में कैसे डूबा या उसे डुबाया गया, कहना मुश्किल है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

नहीं मिल पा रही थी सरकारी नौकरी, लगा ली फांसी

तनाव में उठाया आत्मघाती कदम

जबलपुर। थाना घमापुर अंतर्गत आज एक बेरोजगार युवक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। युवक सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था और अनेक परीक्षाएं दे चुका था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार आज सुबह हेमंत काछी उम्र 76 वर्ष निवासी सिद्धबाबा रोड घमापुर ने सूचना दी कि आज सुवह लगभग 7 बजे उसका छोटा भाई राजेन्द्र काठी उम्र 33 वर्ष मकान के बने कमरे के अंदर पंखे से फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, पंखे से रस्सी टूट गयी । जिससे मृतक फर्श पर आ गिरा।

शहर को कचरामुक्त बनाने निगमायुक्त ने कसी कमर

अधिकारियों को दिए गारबेज फ्री करने दिशा निर्देश

जबलपुर,यशभारत। नगर निगम आयुक्त स्वच्छता को लेकर संजीदा नजर आ रहे है। आगामी दिनों के लिये उनके द्वारा लक्ष्य का निर्धारण कर लिया गया है ताकि स्वच्छता में जबलपुर शहर अव्वल हो। वहीं शहर में जल्द ही गार्बेज फ्री सिटी(जीएफसी) यानी कचरा मुक्त शहर अभियान चलेगा। इसमें शहर के कुछ कचरा प्वाइंट को खत्म किया जाएगा। जिन्हें लोगों ने अघोषित रूप से कचरा अड्डा बना लिया है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि हमने गार्बेज फ्री सिटी को लेकर एप्लाई कर दिया है। जल्द ही अभियान शुरू होगा। अभियान में यह होगा कि शहर को कचरों के अड्डों से मुक्त किया जाएगा। कहीं भी शहर में कचरा प्वाइंट नहीं हो। लोगों ने कचरा फेंक फेंककर शहर के तीन स्थानों को कचरा प्वाइंट बनाया है। शहर के चौराहों के साथ ही कुछ अन्य स्थान हैं। जहां लोग कचरा फेंकते हैं। हम इन कचरा प्वाइंटों को खत्म करने को लेकर अभियान चलाएंगे। उन्होंने बताया कि इसको लेकर टीम दो दिन एक वार्ड में काम करेगी। घर के बाहर कचरा उठाने का काम शुरू हो गया है। कई लोग घरों के बाहर से कचरा उठाने पर विवाद भी करते हैं। टीम स्वच्छता को लेकर सुबह 6.30 बजे से मैदान में उतर जाती है। समस्त अधिकारी और कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया गया है कि वे शहर की साफ सफाई को लेकर पूरी सजगता बरतें। शौचालयों की सफाई पर भी काम हो रहा है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न गार्डनों की सफाई टीम कर रही है, लेकिन कई लोग अभी गीला और सूखा कचरा को लेकर विवाद करते हैं। निगमायुक्त संदीप जीआर ने इस दौरान कहा कि इस अभियान से संस्कारधानी के लोगों को भी लाभ मिलेगा और शहर भी कचरा मुक्त होकर सुंदर दिखेगा।

33 दिन बाद मिली मासूम

बोली- बहुत काम कराते थे, इसलिए छोड़ दिया घर, लड़की होने का झेल रही थी दुख

जबलपुर,यशभारत। गोसलपुर के कछपुरा गांव से गायब हुई 12 साल की बालिक जबलपुर स्टेशन पर बुधवार 9 जून को अकेली घूमती हुई मिल गई। बालिका 6 मई की शाम चार बजे के लगभग रहस्यमय ढंग से गायब हो गई थी। गोसलपुर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया है। इस गुत्थी को सुलझाने के लिए क्राइम ब्रांच और साइबर सेल की टीम भी जुटी थी। बताया जाता है कि बच्ची से घर में अधिक काम लिया जाता था, जिससे तंग आकर बच्ची ने घर छोड़ दिया था। बच्ची को उनके परिजनों ने गोद लिया था। पुलिस पूछताछ में जुटी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बच्ची का मेडिकल करवाया जाएगा और घर के सभी परिजनों के बयान लिए जाने बाकी है। जिसके बाद ही सच्चाई का पता चलेगा। जीआरपी ने बताया कि बालिका के गायब होने की तस्वीर ग्रुप में मिली थी। उसी के हुलिया से मिलती-जुलती बालिका बुधवार रात को जबलपुर मुख्य स्टेशन पर घूमती हुई मिली। संदेह होने पर उसे थाने लाकर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम बताया। रात अधिक होने की वजह से उसे तत्काल बाल निकेतन भेज दिया गया। शांतिनगर गोसलपुर निवासी सूरज काछी ने रिश्तेदार की बेटी (12) को 11 साल पहले गोद लिया था। मौसी से मां बनी सुनीता के मुताबिक 6 मई की शाम 4 बजे बालिका घर से अचानक लापता हो गई। 3 घंटे तक परिजन उसे कॉलोनी में ढूंढ़ते रहे, लेकिन पता नहीं चल पाया। जिसके बाद पिता सूरज गोसलपुर थाने पहुंचा और अपहरण का प्रकरण दर्ज कराया।

11 साल पहले रिश्तेदारों से लिया था गोद, पुलिस पूछताछ जारी, मेडिकल की तैयारी

विनोद खत्री (राणा सेठ) नहीं रहे

जबलपुर। हनुमानताल निवासी सूर्या ट्रांसपोर्ट और सूर्या क्रेन के संचालक श्री विनोद खत्री (राणा सेठ) का 62 वर्ष की आयु में आज आकस्मिक निधन हो गया । वे मिंटू,चिंटू और इक्कू के पिताश्री थे। अंतिम यात्रा निज निवास से शाम 4 बजे रानीताल मुक्तिधाम पहुंचेगी। जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा। राणा सेठ के निधन से ट्रांसपोर्ट जगत में शोक की लहर है। वे मृदुभाषी ओर सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। आशीष ट्रांसपोर्ट एवं यश भारत परिवार की ओर से अश्रुपूरित श्रद्धांजलि।

Pure & Tasty AK's Special
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
ब्रांच-अशोक कुमार, अजित कुमार पुराना लेबर कोर्ट, नर्मदा रोड, गोरखपुर, जबलपुर

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक
डॉ. मनीष तिवारी
M.B.B.S., MD, DM Gastroenterology Member of American college of Gastroenterology Consultant Gastroenterologist, Shailby Hospital Super Speciality Gastro & Liver Clinic Jabalpur
उपचार की सुविधायें
■ पेट में लंबे समय से तकलीफ
■ लिवर से संबंधित बीमारियां
■ पेंक्रियाज से संबंधित बीमारियां
■ पाचन से जुड़ी हुई परेशानियां
पता सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक उखरी तिराहा, विजयनगर, जबलपुर
परामर्श के लिये संपर्क करें- 8085257585, 0761-4004867

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ।। जय बाबा मसान ।। ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति
"आपका साथी" एवं सम्पूर्ण समाधान मृत्यु उपरांत
दाह संस्कार पूजन सामग्री
एवं पूजन, पंडित व्यवस्था प्रतिष्ठान
दाह संस्कार से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री आपके बताये पते पर भेज दी जावेगी
9111712445, 8871253911 9111712445,7999526101
दाह संस्कार सामग्री | खारी/ तीसरे दिन की पूजन सामग्री | दशगात पूजन | बारहवीं, तेरहवीं गंगाजली पूजन
दुकान पता: "आपका साथी" बल्देवबाग पेट्रोल पम्प के पास स्मॉल वण्डर स्कूल के सामने, उखरी रोड, जबलपुर

समय नहीं जीवन बचाएं
बंद रेलवे क्रासिंग पार करने का जोखिम न उठाएं
मानवयुक्त बंद रेलवे क्रासिंग पर बैरियर के नीचे या दायें-बायें से
रेलवे लाइन पार न करें ।
ट्रेन की प्रतीक्षा करें | पहले ट्रेन को जाने दें | बैरियर को खुलने दें | तब रेलवे लाइन पार करें
10 जून 2021 अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस
ध्यान दें! रेलगाड़ी 130 कि.मी. प्रति घंटे तक की रफ्तार से चलती है और 220 मीटर की दूरी तय करने में लगभग 6 सेकेण्ड लगते हैं।
चेतावनी! रेल अधिनियम 1989 की धारा 146 के अनुसार रेल सेवक के कर्तव्यों में बाधा डालना और धारा 160 के अनुसार रेल फाटक को अनाधिकृत रूप से खोलना या तोड़ना दण्डनीय अपराध है।
पश्चिम मध्य रेल
west_central_railway wc_railway

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)